Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 191 | रविवार, 13 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 51 हजार से अधिक लोगों को मिला सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र

# पीएम मोदी बोले- पक्की नौकरी देने का हमारा अभियान जारी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक सरकारी कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरण का वर्चुअल शुभारंभ किया। नवनियुक्त कार्मकों को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के साम ?र्थ्य को देश के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी और गारंटी भी बताया। साथ ही कहा कि आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास डेमोग्राफी (जनसंख्या) और डेमोक्रेसी (लोकतंत्र), दो असीमित शक्तियां हैं। देशभर में 47 स्थानों पर शनिवार को आयोजित प्रधानमंत्री रोजगार मेले को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार में युवाओं को पक्की नौकरी देने का हमारा अभियान निरंतर जारी है। हमारी पहचान भी है- बिना पर्ची, बिना खर्ची। उन्होंने कहा कि आज 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में स्थायी नौकरी मिल चुकी है। अब ये नौजवान राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। नवनियुक्त कार्मिकों से कहा कि आपके विभाग अलग-अलग हैं, लेकिन ध्येय एक है।



### पीएम बोले- देश के युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा

- पीएम मोदी ने कहा कि बदलते हुए समय के साथ 21वीं सदी में रोजगार की प्रकृति भी बदल रही है। नए-नए सेक्टर भी उभर रहे हैं, इसलिए बीते दशक में भारत का जोर अपने युवाओं को इसके लिए तैयार करने का है। अब इसके लिए अहम निर्णय लिए गए हैं। आधुनिक जरूरतों को देखते हुए आधुनिक नीतियां भी बनाई गई हैं। स्टार्टअप्स, इनोवेशन और रिसर्च का जो ईकोसिस्टम आज देश में बन रहा है, वो देश के युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र वितरण के साथ ही निजी क्षेत्र के महत्व को भी समझाने का प्रयास किया।
- कहा कि भारत सरकार का जोर प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के नए अवसरों के निर्माण पर भी है। हाल ही में सरकार ने एम्प्लायमेंट लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के रूप में नई योजना को स्वीकृति दी है। इस योजना के तहत सरकार प्राइवेट सेक्टर में पहली बार रोजगार पाने वाले युवा को 15 हजार रुपये देगी, यानी पहली नौकरी के पहले वेतन में सरकार अपना योगदान देगी। इसके लिए सरकार ने करीब एक लाख करोड़ रुपये का बजट बनाया है। इससे लगभग साढ़े तीन करोड़ नए रोजगार के निर्माण में मदद मिलेगी। मैन्युफैक्चरिंग और एफडीआई में वृद्ध के आंकड़े साझा करने के साथ ही उन्होंने दावा किया कि बीते 11 वर्षों में हर सेक्टर में देश ने प्रगति की है।

## लॉर्ड्स में बवाल

# बुमराह से घबराए अंग्रेज, समय बर्बाद करने पर भारतीय टीम ने घेरा

**लंदन।**

भारत और इंग्लैंड के बीच अच्छा मुकाबला देखने मिला, लेकिन दिन का खेल समाप्त होने से पहले ही लॉर्ड्स में माहौल गर्म हो गया। दरअसल, इंग्लैंड की पारी उस वक्त शुरू हुई जब दिन का खेल समाप्त होने के करीब था। ऐसे में इंग्लैंड के बल्लेबाज बिना किसी जायज कारण के समय बर्बाद कर रहे थे। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन माहौल गर्म हो गया और जैक क्राउली तथा बेन डकेट के साथ भारतीय खिलाड़ियों की नोकझोंक हो गई। यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के पहले ओवर में घटी। इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान माहौल उस वक्त तनावपूर्ण हो गया जब बुमराह के ओवर में जैक क्राउली समय पास करने के लिए ब्रेक ले रहे थे। बुमराह सहित भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी इस बात से नाराज दिखे।




### क्यों हुआ विवाद?

भारत और इंग्लैंड के बीच अच्छा मुकाबला देखने मिला, लेकिन दिन का खेल समाप्त होने से पहले ही लॉर्ड्स में माहौल गर्म हो गया। दरअसल, इंग्लैंड की पारी उस वक्त शुरू हुई जब दिन का खेल समाप्त होने के करीब था। ऐसे में इंग्लैंड के बल्लेबाज बिना किसी जायज कारण के समय बर्बाद कर रहे थे। बुमराह की गेंद फेंकने के बाद क्राउली ने अंगुली में चोट लगने का हवाला देकर फिजियो को मैदान पर बुलाया। इससे गिल सहित पूरी भारतीय टीम ने उनको आड़े हाथों लिया और सभी खिलाड़ी ताली बजाते हुए नजर आए। इस दौरान क्राउली और गिल के बीच तीखी नोकझोंक हुई। डकेट भी गिल के गर्म तेवर का शिकाए हुए। इससे क्राउली और डकेट चिढ़ गए। वहीं, सिराज सहित अन्य भारतीय खिलाड़ी भी नाराज नजर आए।

## कर्नाटक के जंगल में एक गुफा में मिली रूसी महिला



**गोकर्ण।** कर्नाटक से एक बेहद हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। पुलिस को कर्नाटक के घने जंगल में एक महिला मिली जो गुफ में अपनी दो बेटियों के साथ रह रही थी। पूछताछ में पता चला कि उसका वीजा खत्म हो गया था और वो गोवा से कर्नाटक आई थी। एएनआई के मुताबिक, पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि 9 जुलाई को गोकर्ण के रामतीर्थ पहाड़ी के जंगलों में स्थित एक खतरनाक गुफा से एक रूसी मूल की महिला और उसकी दो छोटी बेटियों को बचाया गया। पुलिस ने पाया कि वे वहां खतरनाक परिस्थितियों में रह रही थीं। अधिकारियों ने बाद में पुष्टि की कि नीना कुटीना (40) नामक महिला अपने वीजा की अवधि से आठ साल से अधिक समय तक भारत में है। गोकर्ण पुलिस के अनुसार, 9 जुलाई को शाम लगभग 5:00 बजे, पर्यटकों की सुरक्षा की जांच के लिए रामतीर्थ पहाड़ी पर गश्त करते समय, गोकर्ण पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक और कर्मचारी एकत्रित हुए और पहाड़ी पर वन क्षेत्र में स्थित गुफा की जांच की।

# भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन की दिशा में बड़ी उपलब्धि, गगनयान की उड़ान के लिए इंजन




**बेंगलुरु।**

इसरो ने गगनयान मिशन के लिए सर्विस माड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम को सफलतापूर्वक विकसित कर लिया है। इस सिस्टम का 350 सेकेंड तक हॉट टेस्ट किया गया, जो सफल रहा। यह भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा, 'योग्यता परीक्षण कार्यक्रम' (क्वालिफिकेशन टेस्ट प्रोग्राम) पूरा करने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए 'सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम' (एसएमपीएस) को विकसित कर लिया गया है। शुक्रवार को इस सिस्टम का 350 सेकेंड तक पूर्ण अवधि का 'हॉट टेस्ट' किया गया। वास्तविक परिस्थिति में किया जाने वाला इस परीक्षण का मकसद यह देखना था कि अगर उड़ान के दौरान कोई गड़बड़ी हो जाए और मिशन को बीच में रोकना पड़े (जिसे 'मिशन एबार्ट' कहा जाता है), तो यह सिस्टम सही तरीके से काम करता है या नहीं। गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्षयान मिशन है। इसरो ने बयान में कहा, परीक्षण के दौरान प्रणोदन प्रणाली का समग्र प्रदर्शन पूर्व-परीक्षण पूवार्नुमानों के अनुसार रहा। गगनयान का सर्विस मॉड्यूल दो तरह के ईंधन से चलने वाला प्रोपल्शन सिस्टम है। यह आर्बिटल मॉड्यूल को सही कक्षा (आर्बिट) में पहुंचाने, उड़ान को नियंत्रित करने, जरूरत पड़ने पर गति को धीमा करने और अगर कोई गड़बड़ी हो जाए तो मिशन को बीच में रोककर अंतरिक्षयात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करता है।

# 'बिग बॉस 16' फेम अब्दु रोजिक गिरफ्तार

**दुबई।**



'बिग बॉस 16' फेम और ताजिकिस्तानी गायक अब्दु रोजिक को शनिवार को दुबई इंटरनेशनल हवाईअड्डे पर गिरफ्तार किया गया। उन पर चोरी का आरोप लगाया गया है। हालांकि, अधिकारियों ने शिकायत को पूरी तरह सार्वजनिक नहीं किया और न ही कोई आधिकारिक बयान दिया। ताजिकिस्तानी गायक और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अब्दु रोजिक को शनिवार को दुबई इंटरनेशनल हवाईअड्डे पर चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। रोजिक की प्रबंधन कंपनी ने खलीज टाइम्स को इसकी जानकारी दी।

**दुबई एयरपोर्ट पर लगे चोरी के आरोप**

# इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों का पूर्वी कांगो में हमला, 66 लोगों को उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली।**

मध्य अफ्रीकी देश कांगो में चारों तरफ अशांति फैली है। अभी तक विद्रोही समूह एम23 से जूझ रहा देश अब इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों के निशाने पर आ गया है। आईएस से जुड़े एडीएफ के लड़ाकों ने देश के पूर्वी हिस्से में इरुमु इलाके में हमला बोला और धारदार हथियारों से 66 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। मध्य अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में इरुमु इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह से जुड़े विद्रोहियों ने हमला कर 66 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह इलाका युगांडा की सीमा से लगा हुआ है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह हमला आईएस से जुड़े एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एडीएफ) के लड़ाकों ने किया। एडीएफ एक युगांडाई इस्लामी चरपंथी समहू है, जो सीमा के दोनों ओर सक्रिय है।



## कोचिंग सेंटर अब बन गए हैं पोचिंग सेंटर

# उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- अपनी शिक्षा को इतना कलंकित नहीं होने दे सकते

**नई दिल्ली।**

जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटर पोचिंग सेंटर बन गए हैं। ये प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल बन गए हैं। कोचिंग सेंटर कुकुरमुत्ते की तरह उग रहे हैं। यह हमारे युवाओं के लिए खतरा है, जो हमारा भविष्य हैं। हमें इस दुर्भावना को दूर करना होगा जो बेहद चिंताजनक है।

कोटा स्थित कोचिंग उद्योग पर निशाना साधते हुए, उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटर पोचिंग सेंटर बन गए हैं और सीमित दायरे में सिमटी प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल बन गए हैं। राजस्थान के कोटा स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह हमारे युवाओं, जो हमारा भविष्य हैं, के लिए खतरा है। हमें इस चिंताजनक कुरूपता का समाधान करना होगा। हम अपनी शिक्षा को इतना कलंकित नहीं होने दे सकते। जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटर पोचिंग सेंटर बन गए हैं। ये प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल बन गए हैं। कोचिंग सेंटर कुकुरमुत्ते की तरह उग रहे हैं। यह हमारे युवाओं के लिए खतरा है, जो हमारा भविष्य हैं। हमें इस दुर्भावना को दूर करना होगा जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हम अपनी शिक्षा को इतना कलंकित और कलंकित नहीं होने दे सकते। अखबारों में होर्डिंग और विज्ञापनों में पैसा बहाया जाता है। यह पैसे का इष्टतम उपयोग नहीं है, और ये विज्ञापन आकर्षक तो हैं, लेकिन ये हमारी सभ्यतागत प्रकृति के लिए आँखों में खटकते हैं। शिक्षा को असेंबली लाइन की तरह मानने के विचार का विरोध करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस असेंबली लाइन संस्कृति को रोका जाना चाहिए तथा उन्होंने इसे शिक्षा के भविष्य के लिए खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि अखबारों में होर्डिंग और विज्ञापनों पर पैसा बहाया जाता है। यह पैसा उन लोगों से आता है जो या तो कर्ज.लेते हैं या अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत से बचत करते हैं। यह धन का इष्टतम उपयोग नहीं है। ये विज्ञापन आकर्षक तो हैं, लेकिन हमारी सभ्यतागत मान्यताओं के लिए आँखों में धूल झोंकते हैं।



**वारदात** भाई सनी ने कहा कि वह अभी भी आधी रात को जाग जाता है और सो नहीं पाता है

# अभी तक सदमे में हैं विमान हादसे में जिंदा बचे विश्वास कुमार

**दीव।**

12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे में सिर्फ एक व्यक्ति बच पाया था विश्वास कुमार रमेश जो अभी भी सदमे हैं। इस विमान हादसे में उनके एक भाई की भी मौत हो गई थी। उनके चचेरे भाई ने बताया कि अब वह इस दर्दनाक अनुभव से उबरने के लिए मनोचिकित्सक की मदद ले रहे हैं। वह किसी से ज्यादा बात नहीं करते। 12 जून को लंदन जाने वाला बोइंग 787 ड्रीमलाइनर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, तो भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक 40 वर्षीय विश्वास ही एकमात्र यात्री थे जो जीवित बच गए। उनके भाई अजय विमान में सवार 241 अन्य लोगों में शामिल थे, जिनकी मौत हो गई। लोग उनको दुनिया के सबसे भाग्यशाली जीवित व्यक्तियों में से एक मानते होंगे। उनके चचेरे भाई सनी ने बताया कि दुर्घटनास्थल के दृश्यों, उनके चमत्कारिक रूप से बच निकलने और उनके भाई की मृत्यु की यादें आज भी विश्वास को सताती हैं। विदेश में रहने वाले हमारे रिश्तेदारों समेत कई लोग विश्वास का हालचाल जानने के लिए हमें फोन करते हैं। लेकिन वह किसी से बात नहीं करते। वह अभी तक दुर्घटना और अपने भाई की मौत के मानसिक आघात से उबर नहीं पाए हैं। भाई सनी ने कहा कि वह अभी भी आधी रात को जाग जाता है और सो नहीं पाता है। हम उसे दो दिन पहले एक मनोचिकित्सक के पास ले गए थे ताकि इलाज मिल सके।



## संपादक की कलम से

# चौदह पिंजरे, 14 होटल

आस्तीन चढ़ा कर सरकारों का खर्च मिट्टी होता है, फिर भी गुरूर यह कि काम इसी तरह होता है। एक साथ चौदह पिंजरे, भीतर इतने ही सरकारी होटल और तोते उड़ गए अपनी दिशा में। दिशाहीन कौन, होटल, पर्यटन निगम के कर्मचारी, पर्यटक या राज्य के संसाधन। फेहरिस्त पर नजर दौड़ाएं तो ये चौदह इकाइयां असफल हो ही नहीं सकती थीं, लेकिन सरकारी कार्य संस्कृति के दूध से कितनी मक्खियां निकालेंगे।



ललित शर्मा
संपादक

आदेश अदालत को देने पड़े थे, क्योंकि सार्वजनिक धन से मकबरे नहीं सजाए जा सकते। अगर इमारतों के बीच सरकारी धन से बने मकबरों पर गौर करेंगे, तो जिंदा ताबूत में सारे सबूत रखने पड़ेंगे। इससे पहले एचआरटीसी के निकम्मे रूटों की नुमाइश हुई, तो अचानक फरमान आया कि निजी क्षेत्र को चुगने को कहा जाए। यहां आम तो सबने चुरा लिए, अब गुठलियां बेची जा रही हैं। खैर एक हकीकत सामने आ रही है कि सरकार सारे पापड़ नहीं बेल सकती और न ही सारे काम सरकारों को करने चाहिएं। चौदह होटल अपने निर्वाण के लिए निजी क्षेत्र का प्रश्रय चाहते हैं। सरकार के फलक पर निजी क्षेत्र का आरोहण बेशक स्वागत योग्य है और यह भी साबित हो रहा है कि आइंदा राज्य की तस्वीर में इसका ही नाम होगा। सवाल अब यह है कि क्या सरकार को अब नए होटलों का निर्माण नहीं करना चाहिए, लेकिन हकीकत यह भी है कि बड़ी परियोजनाएं और बड़ी शेखियां जारी रहेंगी। अंततः हम पर्यटन की तिजोरी से अगर एचपीटीडीसी को घाटे का खेत बना देते हैं, तो जीत क्या रहे और भविष्य के लिए क्या कर रहे। जाहिर है सरकारी क्षेत्र में व्यावसायिक दक्षता की कमी है या ग्राहक को संतुष्ट करने की अभिलाषा ही नहीं बची। एचआरटीसी हमें सही से मंजिल तक नहीं पहुंचा पा रही, मिल्क फेडरेशन हमारी जरूरतों का दूध उपलब्ध नहीं करवा पा रहा और एचपीटीडीसी पर्यटक को लुभा नहीं पा रहा, तो कहीं हमारे सियासी फैसलों का कूड़ाघर हमारे जेहन में भर रहा है। चौदह होटल इकाइयों को निजी क्षेत्र में देने का फैसला दरअसल विनिवेश की ओर इशारा भी कर रहा है। अब वक्त आ गया है कि हिमाचल अपनी असमर्थ आर्थिकी के कांटे बाहर निकाल दे। कई स्कूल, कालेज और अस्पतालों का प्रबंधन निजी क्षेत्र से साझा कर लेना चाहिए या मान लेना चाहिए कि बिना छात्रों के शिक्षण संस्थान और बिना बेहतर इलाज के चिकित्सा संस्थान पालने से सिर्फ छवि और शक्ति का क्षरण ही होगा। इतना ही नहीं हिमाचल के विभिन्न विभागों के तहत चलने वाले करीब ढाई हजार डाकबंगलों का युक्तिकरण भी जरूरी है या इन्हें भी आय-व्यय के ढांचे में निजी क्षेत्र के साथ बांट लेना चाहिए। हर विभाग का रेस्ट हाउस क्यों। क्यों न एक ही शहर में उसके प्रशासनिक व अन्य महत्त्व के आधार पर पच्चीस, पचास या सौ कमरों का एक ही परिसर बना कर सभी विभागों को एक साथ रेस्ट हाउस सुविधा दी जाए। प्रदेश में कई प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को लेकर प्रयास हुए हैं, लेकिन इसके साथ विनिवेश को पारदर्शी ढंग से नहीं जोड़ा गया। एक नीति व ऑडिट के बाद विनिवेश के जरिए निजी निवेशकों के सामने हिमाचल निर्माण का खाका रखना चाहिए। यही 14 होटल अगर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय होटल श्रृंखलाओं के साथ जुड़ जाएं, तो मकबरे-महल साबित हो सकते हैं। सरकारी शिक्षण संस्थानों के परिसर अगर प्रतिष्ठित निजी शैक्षणिक प्रयासों से जुड़ जाएं, तो परिणामों की आभा बदल सकती है। बदल जाएंगे कई अस्पताल और वहां का सोच, अगर निजी क्षेत्र की ऊर्जा अनुभव व कार्य संस्कृति के तहत कुछ चिकित्सा संस्थान निजी क्षेत्र को दे दिए जाएं। कोशिश अब यह हो कि पटरी से उतरे 14 होटल निजी क्षेत्र में संवर जाएं।

डॉ.राजीव डोगरा

मेरे सतगुरु

कविता



कौन जाने मेरे सतगुरु
तुम बिन मुझ कौन जाने।
कौन तारे मेरे सतगुरु
तुम बिन मुझ कौन तारे।
कौन संभाले मेरे सतगुरु
तुम बिन मुझ कौन संभाले।
कौन समझे मेरे सतगुरु
तुम बिन मुझ कौन समझे।
कौन सँवारे मेरे सतगुरु
तुम बिन मुझ कौन सँवारे।
कौन ज्ञान चक्षु दें मेरे सतगुरु
तुम बिन मुझ कौन दें ।
कौन भव पार करें मेरे सतगुरू
तुम बिन मुझ कौन पार करें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पंजाबी अखबारों की राय: पंजाब में तेजी से बिगड़ रही कानून-व्यवस्था

जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है– आजकल पूरे राज्य में लूटपाट का बोलबाला है। अबोहर की घटना के बाद सरकार एक बार फिर विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। विपक्ष खासकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से विधानसभा में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विशेष बहस की मांग की है। पंजाब में तेजी से बिगड़ती कानून-व्यवस्था, महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे का गठबंधन और बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण और उस पर सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों पर इस हफ्ते पंजाबी अखबारों ने अपनी राय प्रमुखता से रखी है। सूबे की कानून व्यवस्था पर चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून अपने संपादकीय "पंजाब में बढ़ता अपराध" में लिखता है- अबोहर के व्यापारी संजय वर्मा की दिनदहाड़े हत्या और मोगा के एक क्लीनिक में अभिनेत्री तानिया के पिता की गोली मारकर हत्या ने एक तरह से यह उजागर कर दिया है कि किस तरह संगठित अपराध राज्य में आपराधिक गतिविधियों को आसानी से अंजाम दे रहा है। अखबार लिखता है शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी, नशे की लत व जल्दी पैसे कमाने का लालच कई पंजाबी युवाओं को अपराध की ओर धकेल रहा है। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार और गैंगस्टरों का महिमामंडन आग में घी डालने का काम कर रहा है। पंजाब में आपराधिक-आतंकवादी गठजोड़ अब स्थानीय नहीं रहा; यह अंतर्राष्ट्रीय, तकनीकी रूप से सक्षम और वैचारिक रूप से अस्थिर हो गया है। यह संकट जितना लंबा चलेगा, पंजाब के भविष्य को पटरी पर लाना उतना ही मुश्किल होता जाएगा। जालंधर से प्रकाशित 'पंजाबी जागरण' लिखता है- पंजाब पिछले कुछ समय से आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के कारण सुर्खियों में है। अबोहर में हुई एक घटना ने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक समूह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस घटना की जिम्मेदारी ली है। ऐसा नहीं है कि राज्य में इस तरह की यह पहली घटना है। यह घटना आम बात है। अबोहर की घटना ने पंजाब में जबरन वसूली के बढ़ते मामलों पर भी प्रकाश डाला है।

जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है– आजकल पूरे राज्य में लूटपाट का बोलबाला है। अबोहर की घटना के बाद सरकार एक बार फिर विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। विपक्ष खासकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से विधानसभा में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विशेष बहस की मांग की है। जालंधर से प्रकाशित रोजाना पंजाब टाइम्स लिखता है– वर्ष 2023-24 की रिपोर्टों के अनुसार, पंजाब में जबरन वसूली और धमकियों से जुड़े मामलों में वृद्धि देखी गई है। पंजाब पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 से फरवरी 2023 तक जबरन वसूली और धमकी के 278 मामले दर्ज किए गए, जो मार्च 2023 से दिसंबर 2023 तक बढ़कर 307 हो गए। यह वृद्धि समाज और पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर रही है। अखबार लिखता है, सिद्धू मूसेवाला की हत्या ने संगठित अपराध की गंभीरता को उजागर किया, लेकिन इसके खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। जबरन वसूली की घटनाओं ने पंजाब के व्यापारियों और छोटे उद्योगपतियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। कई व्यापारी और कलाकार धमकियों के कारण अपना व्यवसाय या पेशा छोड़ने की सोच रहे हैं। इसका राज्य की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। चंडीगढ़ से प्रकाशित रोजाना स्पोक्समैन लिखता है, इस साल अब तक चंडीगढ़ में हत्या के 15 मामले दर्ज किए गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि तेजी से हो रहे शहरीकरण, अन्य कारकों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और बिहार से पंजाब और चंडीगढ़ की ओर युवा पीढ़ी के बढ़ते पलायन के कारण भी गंभीर और घातक अपराधों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। जिन व्यवसायों में स्थानीय लोगों की विशेषज्ञता है, उनमें बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने जैसी मांगें राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर उठने लगी हैं। पंजाब और चंडीगढ़ को भी अब इस दिशा में कुछ सार्थक कदम उठाने की जरूरत है। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के हालिया निदेर्शों पर चंडीगढ़ से प्रकाशित 'पंजाबी ट्रिब्यून' लिखता है- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को जारी रखने की अनुमति दे दी है, लेकिन साथ ही उसने चुनाव आयोग से एक बहुत ही प्रासंगिक प्रश्न पूछा है: अभी क्यों? अदालत ने यह बिल्कुल सही बात कही है कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इस तरह की कवायद से लोगों के मन में संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि इस प्रक्रिया में आधार कार्ड पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है। उसका मानना है कि चुनाव अधिकारियों को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करना चाहिए। चंडीगढ़ से प्रकाशित 'देशसेवक' लिखता है- छोटी-मोटी बाधाओं के बावजूद, चुनाव आयोग ने न केवल देश में, बल्कि दुनिया में भी सम्मान अर्जित किया है। बिहार चुनावों में चुनाव आयोग के सामने अपनी ईमानदारी बचाने की चुनौती है। जालंधर से प्रकाशित 'अज दी आवाज' लिखता है– बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव जीतने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं। बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। रसूखदारों और कारोबारियों की हत्याओं की घटनाओं ने राज्य सरकार की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है। युवा बेरोजगार हैं और आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे में नीतीश कुमार ने भी अन्य राजनेताओं की तरह चुनाव के दौरान जनता को लुभाने के लिए बड़े-बड़े ऐलान किए हैं।



*चंडीगढ़ से प्रकाशित 'पंजाबी ट्रिब्यून' लिखता है– शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे द्वारा हताशा में अपनाया गया यह अंतिम उपाय है। शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के बेटे उद्धव और भतीजे राज ठाकरे अपनी राजनीतिक किस्मत चमकाने के लिए 'मराठी मानुष' कार्ड पर भरोसा कर रहे हैं। वे भाजपा पर किसी न किसी बहाने महाराष्ट्र के लोगों को बांटने का आरोप लगा रहे हैं; हालांकि, उनकी लड़ाई केवल भगवा पार्टी के खिलाफ ही नहीं है, बल्कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली 'आधिकारिक' शिवसेना के खिलाफ भी है। ठाकरे बंधुओं के पुनर्मिलन का मतलब है कि शिंदे अब मराठी वोट को हल्के में नहीं ले सकते।*

# नैनीताल के पास बसा ये हिल स्टेशन जन्नत से नहीं है कम, खूबसूरत नजारे देख बन जाएगा आपका दिन

दिल्ली से करीब 300 किमी की दूरी पर नैनीताल स्थित है। ऐसे में आज हम आपको उत्तराखंड की हसीन वादियों में स्थित मुक्तेश्वर की खासियत से लेकर इसकी खूबसूरती और आसपास में स्थित कुछ बेहतरीन और शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। दिल्ली से करीब 300 किमी की दूरी पर नैनीताल स्थित है। जोकि उत्तराखंड का फेमस और खूबसूरत हिल स्टेशन है। गर्मी से लेकर मानसून के समय भी दिल्ली एनसीआर वाले नैनीताल में वीकेंड पर जाते हैं। नैनीताल अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। लेकिन जब पर्यटक नैनीताल मौज-मस्ती के लिए पहुंचते हैं, तो सिर्फ नैनीताल की फेमस जगहों को एक्सप्लोर करके चले जाते हैं। लेकिन यहां से काफी पास में स्थित मुक्तेश्वर जैसी अद्भुत जगह को एक्सप्लोर करना भूल जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड की हसीन वादियों में स्थित मुक्तेश्वर की खासियत से लेकर इसकी खूबसूरती और आसपास में स्थित कुछ बेहतरीन और शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**उत्तराखंड में मुक्तेश्वर:** मुक्तेश्वर नैनीताल जिले में स्थित एक खूबसूरत और मनमोहक गांव है। जोकि मुख्य शहर से करीब 48 किमी दूर है। हालांकि मुक्तेश्वर को कई लोग एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन मानते हैं। यह अल्मोड़ा से करीब 42 किमी दूर स्थित है। वहीं भीमताल से यह जगह 42 किमी दूर है।

**क्यों फेमस है मुक्तेश्वर:** मुक्तेश्वर गांव उत्तराखंड की हसीन वादियों में स्थित है और कई खास चीजों के लिए फेमस है। मुक्तेश्वर सबसे ज्यादा मुक्तेश्वर मंदिर के लिए जाना जाता है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक भगवान शंकर ने इस जगह एक राक्षस का वध किया था। यहां की पौराणिक मान्यताओं के अलावा शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। मुक्तेश्वर, नैनीताल या फिर अल्मोड़ा की तुलना में कम भीड़-भाड़ वाली जगह है। यहां पर आप घने जंगल, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, घास के मैदान और झील-झरने मुक्तेश्वर की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं।

**मुक्तेश्वर पर्यटकों के लिए है खास:** पर्यटकों के लिए मुक्तेश्वर किसी जन्नत से कम नहीं है। खासकर यहां की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को सबसे ज्यादा आकर्षित करती है। यहां पर आपको नैनीताल से काफी कम भीड़ मिलेगी। इसलिए एकांत की तलाश करने वाले लोगों के लिए मुक्तेश्वर जन्नत से कम नहीं है।

आप यहां की खूबसूरती को निहारने के साथ ही एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं। मुक्तेश्वर की वादियों में रॉक क्लाइम्बिंग से लेकर रैपलिंग, कैंपिंग और ट्रेकिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

घूमने की बेस्ट जगहें

**मुक्तेश्वर मंदिर:** मुक्तेश्वर में पहुंचकर आप सबसे पहले मुक्तेश्वर मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। जोकि भगवान शिव को समर्पित है। आप यहां पर ट्रेकिंग करके पहुंच सकते हैं।

**चौली की जाली:** चौली की जाली को नेचर लवर्स के लिए जन्नत माना जाता है। आप यहां से हिमालय की खूबसूरती को करीब से निहार सकते हैं।

**भालू गढ़ वॉटरफॉल:** मुक्तेश्वर से कुछ ही किमी की दूरी पर भालू गढ़ वॉटरफॉल एक फेमस पिकनिक स्पॉट है। बारिश के मौसम में इस वॉटरफॉल की खूबसूरती देखने लायक होती है।

**ऐसे पहुंचे नैनीताल से मुक्तेश्वर:** बता दें कि नैनीताल से मुक्तेश्वर पहुंचना बेहद आसान है। इसके लिए आप नैनीताल बस स्टैंड से टैक्सी या फिर कैब से पहुंच सकते हैं। इसके साथ ही आप रेंट पर स्कूटी लेकर भी मुक्तेश्वर पहुंच सकते हैं।

# पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए फॉलो करें ये स्किन केयर रूटीन

अगर सही तरीके से स्किन केयर रूटीन फॉलो न किया जाए, तो पिंपल्स की समस्या ज्यादा बढ़ सकती है। यह समस्या न हो, इसके लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखना जरूरी होता है। ऐसे में आज हम आपको पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए कुछ जरूरी बातें बता रहे हैं। वैसे तो पिंपल्स की समस्या कभी भी आ सकती है, लेकिन खासकर यह समस्या तब होती है, जब आपकी स्किन ऑयली होती है। ऑयली स्किन के कारण त्वचा के पोर्स बंद हो जाते हैं, जिसकी वजह से पिंपल्स से जुड़ी समस्या पैदा हो सकती है। इस दौरान अगर सही तरीके से स्किन केयर रूटीन फॉलो न किया जाए, तो यह समस्या ज्यादा बढ़ सकती है। यह समस्या न हो, इसके लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखना जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए कुछ जरूरी बातें बता रहे हैं, जिनको फॉलो करने से पिंपल्स की समस्या से बचा जा सकता है।

**चेहरे को धोने से पहले जरूर करें ये काम:** कई महिलाएं पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए बाहर से आते ही फेस धोने लगती है। ऐसा करने से यह समस्या बढ़ सकती है। इससे बचने के लिए फेस धोने से पहले उसको टिश्यू पेपर की सहायता से साफ करें। फिर कुछ समय रुककर फेस वॉश से चेहरा धोएं।



**बार-बार न करें फेसवॉश:** अगर आप अपने फेस को बार-बार पानी से धोती हैं, साथ ही इस दौरान फेस वॉश का इस्तेमाल करती हैं, तब भी यह समस्या आ सकती है। इसलिए चेहरे को बार-बार धोने से बचना चाहिए। आप सुबह और शाम के समय फेस वॉश के मदद से चेहरा धोएं।

**मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल न करना:** ऑयली स्किन होने पर स्किन को नमी की जरूरत पड़ती है। हालांकि कई महिलाएं मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करती है। ऐसे में यह समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए आप ऐसी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जो जेल-बेस्ड या फिर ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर हो।

**ज्यादा स्क्रब का न करें इस्तेमाल:** पोर्स में जमा गंदगी को साफ करने के लिए स्क्रब करना चाहती हैं, तो अधिक स्क्रब का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में स्किन को नुकसान हो सकता है और सप्ताह में 1 दिन ही स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए।

**तरह-तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल:** अगर आप तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, तो पिंपल्स की समस्या आ सकती है। इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि त्वचा के मुताबिक ही प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए।

### इन बातों का रखें ख्याल

- सबसे पहले फेस को अच्छे से क्लीन करें।
- सही मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।
- फिर सनस्क्रीन जरूर अप्लाई करें।
- आप कम से कम मेकअप का इस्तेमाल करें।
- सप्ताह में 3 दिन फेस मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए।

# भाजपा नेता व टायर व्यापारी से लूट , पुलिस महकमे में मचा हड़कप

**वेलकम इंडिया: नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता व टायर व्यापारी से लूट की घटना से पुलिस महकमे में मचा हड़कंप। व्यापारियों ने इस घटना से पुलिस के प्रति रोष जताया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा नेता व टायर व्यापारी विनोद कुमार चौहान शुक्रवार रात लगभग 9 बजे अपनी दुकान बंद करके बाइक द्वारा नूरपुर से अपने गांव किरतपुर जा रहे थे। गौरक्ष धाम पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर गांव आजमपुर से किरतपुर मार्ग स्थित रामनाथ पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे तो पीछे से एक बाइक पर आए चार बदमाशों ने उन्हें धक्का दे दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गए। उसके बाद बदमाशों ने तमंचे की वट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया तथा मोबाइल, बाइक व नकदी लूटकर फरार हो गए। इस घटना से पुलिस महकमें मे हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए भाजपा नेता से घटना की जानकारी ली। लूट की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सी ओ चांदपुर मौके पर पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक बिजनौर ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि बदमाशों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें गठित की गई है।

## कांवड़ियों की सुरक्षा प्रदान करने के लिए अस्थाई पुलिस चौकी बनवाई गई: सीओ

**शिकारपुर/ बुलंदशहर/** शनिवार को सीओ मधुप कुमार सिंह ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया और वहीं सीओ के नेतृत्व में शिकारपुर कोतवाली पुलिस द्वारा चौपहिया वाहनों की चैकिंग की गई और साथ ही बासौटी गांव के निकट बरासऊं मंदिर मोड़ पर मेरठ बदायूं हाईवे पर अस्थाई पुलिस चौकी बनाई गई है जिसमें कराई जा रही व्यवस्थाओं को सीओ द्वारा चेक किया गया। सीओ ने बताया है कि अस्थाई पुलिस चौकी इसलिए बनाई जा रही है क्योंकि कावड़ियों को सुरक्षा प्रदान की जा सके। कांवड़िया जल लेकर अनूपशहर गंगा घाट से अपने अपने मंदिरों को रवाना हो चुके हैं। मंदिरों पर सभी तैयारियों पूरी हो चुकी है।

# छात्रों की आवाज उठाना पड़ा भारी, छात्र नेता शानू शेख पर जानलेवा हमला

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर छात्रों की समस्याओं को उठाने वाले छात्र नेता शानू शेख पर आज कॉलेज परिसर में जानलेवा हमला किया गया। जानकारी के अनुसार शानू शेख, जो कि एलएलबी के छात्र हैं, आज अपने प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए लोकमानी कॉलेज स्योहारा पहुँचे थे।

कॉलेज परिसर में पहले से मौजूद कुछ युवकों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने पहले आपत्तिजनक टिप्पणियाँ करते हुए कहा, ₹आज देखेंगे कितना बड़ा नेता है।₹ और फिर बिना मौका दिए अवैध हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले के पीछे साजिश की आशंका जताई जा रही है। शानू शेख का कहना है कि कॉलेज प्रशासन की भूमिका भी संदिग्ध है, क्योंकि पूर्व में कॉलेज प्रशासन द्वारा की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ उन्होंने खुलकर विरोध प्रदर्शन किया था। इस प्रकरण के चलते यह हमला किसी रंजिश या साजिश का हिस्सा हो सकता है।शानू शेख ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए उचित जांच व कार्यवाही की माँग की है। इस घटना से छात्रों में रोष व्याप्त है और छात्र संगठनों ने इसकी कड़ी निंदा की है। छात्रों का कहना है कि यदि एक छात्र नेता जो छात्रों के अधिकारों के लिए आवाज उठाता है, उस पर इस तरह हमला हो सकता है, तो यह पूरी छात्र व्यवस्था पर एक प्रश्नचिन्ह है प्रशासन से जल्द न्याय की माँग की जा रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर मंत्री आरुषि पाल स्योहारा ने कहा कि उचित छानबीन होकर दोषियों के खिलाफ सबसे सख्त कार्यवाही हो

## आम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नगीनाआम के बाग मे पेड पर लटका युवक शव मिला, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतर अपने कब्जे मे कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है नेजो वाली गावडी नहटौर रोड निवासी रमेश सैनी का 21 वर्षीय पुत्र जागेश कुमार नजीबाबाद में प्राइवेट नौकरी करता था। जागेश घर आय हुआ था ओर पिछले एक सप्ताह से घर पर अपनी मां के साथ रह रहा था। जागेश कुमार शुक्रवार की देर रात 10 बजे खाना खाकर अपनी मां से टहलने को कह कर गया था, देर रात घर न लौटने पर उसकी मां ने तलाश किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल। शनिवार की सुबह 6 बजे जागेश के उसके घर से मात्र 500 मीटर दूर आम के बाग में एक पेड़ पर रस्सी के फंदे पर झूलता हुआ उसका शव मिला, जिसे देखने के लिए सैकड़ो लोग इकट्ठा हो गए पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकार अंजनी चतुवेर्दी व थाना प्रभारी तेजपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पेड से नीचे उतारा, शव को अपने कब्जे में कर लिया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। घटना के संबंध सीओ अंजनी कुमार चतुवेर्दी ने एक वीडियो के माध्यम से बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के जाहीरा चोट के निशान नहीं है।

# रामपुर जिला अस्पताल में 500 बेड का मेडिकल कॉलेज होना चाहिए संदीप अग्रवाल सोनी



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी जी ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी से भेंट वार्ता की और उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखित रूप में रामपुर में 500 वैड का पूर्ण रूप से सरकारी मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय जनपद रामपुर में शुरू कराया जाने चाहिए इस संबंध में उपमुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में भी आदेश जारी किए गए थे मेडिकल कॉलेज शुरू न होने से लाखों गरीब व्यापारी समाज दर-दर की ठोकरे खा रहा है वहां जनता परेशान हो रही है जनपद रामपुर में 90% मरीज गंभीर अवस्था में दिल्ली में व अन्य जनपदों में रेफर कर अधिकांश मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं साथ ही उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज पूर्ण रूप से शासकीय स्तर पर शुरू होना चाहिए ताकि गरीब आदमी का व्यापारी अपना इलाज जनपद रामपुर में ही करा सके जिस पर पूर्व मे उपमुख्यमंत्री महोदय ने जल्दी मेडिकल कॉलेज शुरू करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा वसीकुल्लाह खान हरि ओम सैनी राजेंद्र सैनी नवाब युसूफ अब्दुल रहमान शंकित अग्रवाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर 14 जुलाई को पहुंचेंगे बिजनौर



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश में चर्चित कैबिनेट मंत्री पंचायती राज, अल्पसंख्यक समाज कल्याण बोर्ड, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग उत्तर प्रदेश सरकार पहुंचेंगे बिजनौर यह जानकारी राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश सदस्यता प्रभारी दयाराम भार्गव, राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह बल्ली चौधरी व मंडल अध्यक्ष मेरठ सह सदस्यता प्रभारी दीपक चौहान ने फोन के माध्यम से जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला एवं जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ को दी रणवीर सिंह निराला ने मीडिया से बात कर बताया आगामी 14 जुलाई को हमारी पार्टी के हाई कमान माननीय मंत्री आदरणीय ओमप्रकाश राजभर बिजनौर जनपद में नगीना विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव हूर नंगला में पहुंचेंगे जहां भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सैनी की माता जी के निधन पर माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और परिवार जनों को शांत्वना देने पहुंचेंगे

# डीएम और एसपी ने समन्धित अधिकारियो को निस्तारण करने के आदेश दिए !

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**बिजनौर मंडावर !** शनिवार को थाने मे चल रहे समाधान दिवस मे पहुचे डीएम ओर एसपी ने लोगो की शिकायत सुनी ओर समन्धित अधिकारियो को निस्तारण करने के आदेश दिए ! शनिवार को मंडावर थाना प्रांगण मे समाधान दिवस पर तहसीलदार ओर सीओ राकेश वशिष्ठ लोगो की शिकायत सुन रहे थे !इसी दौरान डीएम जसजीत कौर ओर एसपी अभिषेक झा भी थाने पहुंच गए ओर लोगो की शिकायत सुनी ओर संबधित अधिकारियो को शिकायतों का निस्तारण करने के आदेश दिया ! वही डीएम, एसपी ने तहसीलदार से सनाधान दिवस मे आने वाली शिकयतो के वारे मे जानकारी ली तहसीलदार ने उन्हें बताया की उनके पास दो शिकायत आई है ! जिसमे लायाकपुरी निवासी रश्मि उर्फ पूजा राजपूत पत्नी स्वर्गीय सौरभ राजपूत ने अपने सुसरालियो से उसका हक दिलाने की मांग की है ! वही दूसरी शिकायत गांव सुखानंदपुर निवासी नवनीत राजपूत ने की उन्होंने बिजली घर के पीछे स्थिति देवस्थल तक रास्ता बनवाने की मांग की है ! जिस पर डीएम ने तहसीलदार को महिला ओर उसकी बेटी को उसके ससुरालियो से उसका हक दिलाने व देवस्थल पर जाकर रास्ते की जाँच कर उचित कार्यवाही करने के आदेश आदेश दिए है !

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो महिला लग रही है न्याय की गुहागर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**मंडावर।** बिजनौर के ब्लॉक मोहम्मदपुर देवमल के गांव लायकपुरी में एक मामला सामने आया है पति की मौत के बाद सास ससुर जेठ जेठानी महिला को उसके घर में नहीं रहने दिया जा रहा।महिला का कहना है कि पति की मौत के बाद उसको अपने घर नहीं रहने दिया जा रहा ओर न ही उसके पति की संपति में उसका व उसकी बेटी को हक दिया जा रहा।सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रही हैं।जिसमें एक महिला अपने को व्यापारी हीरो अपर्णा शोरूम के स्वामी पत्नी बता रही है।सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में महिला अपना नाम रश्मि राजपूत उर्फ पूजा व अपनी बेटी का नाम अदिति राजपूत बता रही हैं।वीडियो में महिला ने ससुराल पक्ष सास, ससुर पीतम राजपूत,जेठ सहदेव राजपूत,दीपक राजपूत, गौरव राजपूत पर पति की संपति हथियाकर हड़पने का आरोप हैं।वायरल वीडियो में महिला ने सामाजिक संगठनों से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।कोई मदद न मिलने पर अपनी सात वर्ष की बेटी के साथ आत्मदाह की वीडियो में महिला ने बात कही है।

# थाना समाधान दिवस में एसपी देहात ने सुनी फरियादियों की शिकायतें किया निस्तारण




**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर अहमदगढ़ थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह की अध्यक्षता किया गया। पुलिस से संबंधित शिकायतों को एसपी देहात ने सुनकर निस्तारण कराया गया। वहीं तहसील राजस्व से संबंधित शिकायतों को कानून गो पन्ना लाल ने सुना तथा ग्राम प्रधान की शह पर ग्रामीण ने अहमदगढ़ में शमशान की 8बीघा भूमि पर अवैध रूप से की जा रही धान की फसल को लेखपाल मुकेश शर्मा ने टैक्टर से जोतवा कर कराया कब्जा मुक्त। डोमला हसनगढ़ के एक किसान ने भूमि संबंधित दिया प्रार्थना पत्र मामला गंभीर होने के कारण एसपी देहात ने किसान से कहा मौके पर जांच करने जायेंगे एसडीएम एवं सीओ तब होगा आपका समाधान किसान ने लगाया राजस्व टीम पर सही नाप न करने का आरोप। अधिकारियों द्वारा थाना समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को सुना गया कुछ शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा एसपी देहात ने शेष शिकायतों को थाना प्रभारी निरीक्षक को तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह कानून गो पन्ना लाल थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा लेखपाल मुकेश शर्मा हर्षित माथुर समाजसेवी डीके शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# एमआईईटी स्कूल में नव-निर्वाचित विद्यार्थी परिषद ने ली जिम्मेदारी निभाने की शपथ

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** एमआईईटी पब्लिक स्कूल, मवाना रोड में शनिवार को नवगठित विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या रूपाली सहगल ने छात्र पदाधिकारियों को निष्ठा, अनुशासन और नेतृत्व के मूल्यों के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। नवनियुक्त परिषद में हेड बॉय के रूप में युवराज सिंह और हेड गर्ल के रूप में भाविनी को चयनित किया गया। इनके साथ ही वाइस हेड बॉय युवराज त्यागी, वाइस हेड गर्ल यशस्वी शर्मा, अनुशासन प्रभारी वैभव सिंह और अदिति चौधरी, कल्चरल हेड मृदुल शर्मा एवं आयुषी मित्तल, वाइस कल्चरल हेड दिव्यम काकरान और अक्षरा कंसल, स्पोर्ट्स कैप्टन हिमांशु यादव एवं अनन्या शर्मा, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन देवराज पुंडीर और आर्य धामा को भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समस्त छात्र प्रतिनिधियों को उप प्रधानाचार्या एकता सक्सेना ने बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रूपाली सहगल ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए अनुशासित, उत्तरदायी और प्रेरणास्पद नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों से भी आह्वान किया कि वे बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें नैतिक, सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों से भी समृद्ध करें।

## कावड़ियों की सुरक्षा को लेकर सी ओ ने मवई गांव में किया अस्थाई चौकी का उद्घाटन

**बुगरासी।** स्याना तहसील थाना नरसेना के गांव मवई में शनिवार दोपहर को स्याना सीओ प्रखर पांडे एसडीएम स्याना रविन्द्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से अस्थाई चौकी का उद्घाटन किया । सीओ स्याना प्रखर पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि कांवड यात्रा के मद्देनजर अस्थाई चौकी का उद्घाटन किया गया है ।अस्थाई चौकी पर दो पुलिसकर्मी की तैनाती चौबीस घन्टें रहेगी।और बुकलाना से मवई तक मोबाइल फेंटम हर समय गस्त करती रहेगी।

स्याना एसडीएम रविन्द्र प्रताप ने कहा कि किसी कांवरियों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# चावल के 100 कट्टो से भरा हुआ संदिग्ध ट्रक को किया जब्त

**वेलकम इंडिया**

**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान** । पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर सुमित मेहरडा व मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर के निर्देशन तथा राजेश शर्मा सीओ वृत्त मनिया के निकटतम सुपरवीजन में मन आईसी थाना उमाशंकर एएसआई के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए सन्दिग्ध ट्रक मय 100 चावल के कट्टों से भरे हुए को किया जब्त। घटना का विवरण दिनांक 06.07.2025 को रात्रि गश्त अधिकारी किलेदारसिहं एचसी 1244 को सूचना मिली कि चुंगी नाका के पास एक ट्रक में अबैध चावल लोड हो रहे है उक्त सूचना किलेदारसिहं एचसी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे जहां पर एक ट्रक रजि. नं. एचआर 74 बी 4988 खड़ा हुआ मिला जिसमें चावल के 100 कट्टे भरे हुए मिले। चावल के कट्टो से भरे हुए ट्रक को मौके पर ही जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। सन्दिग्ध ट्रक व चावल के कट्टों के सम्बन्ध में जांच जारी है।

# मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर खुले खाद्य एवं पेय (एफ एंड बी) आउटलेट्स, यात्री उठा सकते हैं खान-पान की सेवाओं का लाभ

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




**मेरठ।** एनसीआरटीसी ने नमो भारत कॉरिडोर पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अब मेरठ साउथ स्टेशन पर भी यात्रियों के लिए कोका कोला हैप्पीनेस स्टेशन, अमूल और दी-रैपिड कैफे तीन खाद्य एवं पेय (एफ एंड बी) आउटलेट्स की शुरूआत की है। यात्री यहां स्वादिष्ट स्नैक्स और उच्च गुणवत्ता वाले पेय पदार्थों का लुत्फ उठा सकते हैं।

नमो भारत कॉरिडोर पर इससे पहले साहिबाबाद, गाजियाबाद, आनंद विहार और दुहाई जैसे प्रमुख स्टेशनों पर खाद्य एवं पेय (एफ एंड बी) आउटलेट्स पहले से ही उपलब्ध हैं। अब मेरठ साउथ स्टेशन पर इन खाद्य एवं पेय (एफ एंड बी) आउटलेट्स के खुलने के साथ ही यह स्टेशन यात्रियों के लिए और अधिक सुविधाजनक बन गया है। ये सभी आउटलेट्स स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल के नॉन रेवेन्यू एरिया में स्थित हैं। इसके साथ ही यहां भविष्य में अन्य प्रतिष्ठित ब्रांड्स के आउटलेट्स शुरू करने की भी योजना है। एनसीआरटीसी द्वारा इन खाद्य एवं पेय (एफ एंड बी) आउटलेट्स ब्रांड्स के साथ की गई यह रणनीतिक साझेदारी, यात्रियों और स्थानीय निवासियों को विश्वसनीय, स्वादिष्ट और सुरक्षित खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम प्रयास है। इन आउटलेट्स पर लस्सी, बटरमिल्क, आइसक्रीम, घी, दूध, चॉकलेट्स, प्रोटीन ड्रिंक, जूस, फ्रेश स्वीट्स के साथ-साथ बर्गर, वेज रोल्स और पिज्जा जैसे ताजे फास्ट फूड-स्नैक्स व विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ उपलब्ध हैं। एनसीआरटीसी का प्रयास है कि नमो भारत से यात्रियों के लिए यात्रा को सिर्फ तेज और सुरक्षित ही नहीं, बल्कि सुविधाजनक और संतुलित भी बनाया जाए। इसी उद्देश्य के तहत अन्य एफएमसीजी और फूड ब्रांड्स के आउटलेट्स को भी स्टेशनों के पेड व नॉन पेड एरिया में स्थान देने की प्रक्रिया चल रही है।

आने वाले समय में स्टेशनों पर फास्ट फूड चेन, कैफे, कॉन्विनियंस स्टोर्स, फामेर्सी, रिफ्रेशमेंट स्टॉल, बुकस्टोर और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स के आउटलेट्स भी दिखाई देंगे। वर्तमान में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेनें न्यू अशोक नगर दिल्ली से मेरठ साउथ तक 55 किमी लंबे सेक्शन में 11 स्टेशनों के बीच संचालित हो रही हैं। हाल ही में एनसीआरटीसी ने सम्पूर्ण 82 किमी लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर सराय काले खां से मोदीपुरम, मेरठ तक टाइमटेबल ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस दौरान ट्रेनों ने हर स्टेशन पर स्टॉप लिया और एनसीआरटीसी द्वारा लक्षित शेड्यूल का पालन करते हुए 160 किमी/घंटे की रफ्तार पर एक घंटे से भी कम समय में इस दूरी को तय किया। इस ट्रायल के दौरान मेरठ मेट्रो ट्रेनें भी नमो भारत ट्रेनों के साथ-साथ चल रही थीं। इस परीक्षण में दोनों ही ट्रेनों ने सिस्टम के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया। जल्द ही यात्रियों को सम्पूर्ण कॉरिडोर पर नमो भारत सेवाओं के साथ मेरठ में मेट्रो के सफर का लुत्फ मिलेगा।

# अमेरिका से मेडल लेकर आए रविन्द्र कुमार का हुआ भव्य स्वागत



**वेलकम इंडिया**

शिकारपुर/ बुलंदशहर/अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस प्रतियोगिता में भारत की तरफ से खेलते हुए गांव सलेमपुर तहसील शिकारपुर के किसान परिवार में जन्मे वर्तमान में बेलगाम महाराष्ट्र में फायरमैन के पद पर तैनात रविन्द्र सिंह पुत्र फूलसिंह ने तीन हजार सीढ़ी प्रतियोगिता में गोल्ड एवं चार सौ मीटर रेस में ब्रानज मेडल हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। शनिवार को बुलंदशहर पहुंचने पर रविन्द्र कुमार के द्वारा भूड़ चौराहा स्थित किसान मसीहा स्व चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके पश्चात काला आम पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर नमन किया। रविन्द्र कुमार से मिलने के लिए सैकडों ग्रामीण वहीं पहुंच गए रास्ते में गांव धतूरी,, मुकीमपुर आदि जगहों पर स्वागत कार्यक्रम हुए उनके गांव घर पहुंचने पर एवं क्षेत्रवासियों के द्वारा भारी स्वागत सम्मान किया गया। ढोल बाजे के साथ परिजन और ग्रामीण जमकर थिरके घर पर आपार खुशी का माहौल है। इस मौके पर भाकियू नेता दीपक चौधरी हरेंद्र सिंह पूर्व प्रधान सीटू चौधरी रिंकू चौधरी रामपाल सिंह शशिकांत चौधरी शिवा कुमार लवी कुमार प्रशांत कुमार सीटू चौधरी परमानंद चौधरी राहुल डीलर आदि समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

# अंसार महलूद बने आल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष

**मोहम्मद असलम**



**लखीमपुर खीरी।** घोसी समाज के लिए लगातार संघर्ष कर रहे जनपद खीरी निवासी अंसार महलूद को आल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। आल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर वली उल्लाह द्वारा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद अंसार महलूद ने बताया कि घोसी समाज हमेशा उपेक्षा का शिकार रहा है। समाज को एकजुट और उसके उद्धार के लिए संगठन जिस तरह पूरे देश में काम कर रहा है, वह प्रदेश में भी संगठन को मजबूत करने और समाज के हित के लिए संघर्ष करेंगे।

उनका मकसद होगा कि समाज के हर व्यक्ति को मुख्य धारा में जोड़कर उसे मजबूत किया जाए। अंसार महलूद को आल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर इश्तियाक घोसी, जिला पंचायत सदस्य यासीन घोसी, पूर्व प्रधान शकील घोसी, पूर्व प्रधान कमरुद्दीन घोसी, पूर्व प्रधान आजाद घोसी,जब्बार घोसी, छोटे लाल घोसी आदि ने मुबारक बाद दी और उम्मीद जताई कि समाज की बेहतरी के लिए कार्य होगा।

# जनपद में बना देश व्यापी 'नीमा' का एक नया संगठन

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** देश भर में कार्यरत आयुष चिकित्सकों का संगठन नेशनल इंटिग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन(नीमा) की एक और शाखा का गठन जनपद सिद्धार्थनगर में भी किया गया। पिछले दिनों एक स्थानीय मैरेज हाल में जनपद से आये बीएएमएस और बीयूएमएस चिकित्सकों ने एक बैठक करते हुए आपसी सहमति से नेशनल इंटिग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के लिए एक समीति का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ के पी पांडे को इसका संरक्षक घोषित किया गया। अध्यक्ष के लिए डॉ जावेद कमाल के नाम पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त सचिव के लिए डॉ रफीउद्दीन, उपाध्यक्ष के लिए डॉ मसूद अख्तर,डॉ मधुसूदन पांडे, डॉक्टर आर एन जायसवाल और डॉक्टर कमलेश मिश्रा, ज्वाइंट सेक्रेटरी के लिये डॉ अरुण द्विवेदी डॉ हिफजुर्रहमान, डा अफजल हुसैन और डॉक्टर प्रदीप श्रीवास्तव साथ ही कोषाध्यक्ष के लिये डॉ अहमद हुसैन के नाम पर सर्वसम्मति से सहमति जतायी गयी। बताते चलें कि नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन(नीमा) एक राष्ट्रीय स्तर की आयुष संस्था जिसकी स्थापना 1947 में हुई थी। इसका मुख्यालय मुंबई में है। इसकी शाखाएं देश के हर प्रदेश और जनपद में हैं। नीमा आयुष चिकित्सकों के हित के लिए काम करती रहती है। जनपद में प्रथम बार इसका गठन किया गया है। इस अवसर पर संरक्षक डॉक्टर केपी पांडे ने कहा की यूं तो जनरल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के नाम से जनपद में एक संस्था चल रही है किंतु वह केवल जनपद स्तर की संस्था है। नीमा एक राष्ट्रीय स्तर की संस्था है जो पूरे देश में चिकित्सकों के हित में कार्य कर रही है और आशा की जाती है कि जनपद में भी नीमा तमाम चिकित्सकों को साथ लेकर उनके हितों के लिए प्रयासरत रहेगी। उन्होंने जनपद के अन्य आयुष चिकित्सकों से भी नीमा से जुड़ने की अपील की। सभा में आए तमाम आयुष चिकित्सकों ने जनपद में नीमा के गठन पर मिठाईयां खिलाकर एक दूसरे को बधाइयां दीं।

# आजाद अधिकार सेना के जिला सचिव आकाश राणा ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए किया वृक्षारोपण

**वेलकम इंडिया**



**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र में आजाद अधिकार सेना के जिला सचिव आकाश राणा, जिला अध्यक्ष मनीष कुमार राणा, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश राणा ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला सचिव आकाश राणा, जिला अध्यक्ष मनीष राणा, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश राणा ने सोशल मीडिया के माध्यम से समस्त युवा साथियों से अपने घरों के आस पास छायादार वृक्ष लगाने का आग्रह किया। आकाश राणा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। यह कार्यक्रम भविष्य को हरा भरा और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने सभी युवा साथियों और सम्मानित सदस्यों को वृक्षारोपण के अवसर पर बधाई दी। साथ ही उनसे पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागेदारी की विद्यालय में शनिवार को लगभग 100 वृक्ष लगाए गए। गांव में सबसे अधिक वृक्ष नीम के लगाए गए। आकाश राणा ने बताया कि नीम के वृक्ष औषधि के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए मवई में अस्थाई चौकी का किया निर्माण



**वेलकम इंडिया**

**नरसेना :** थाना क्षेत्र के गांव मवई में उप जिलाधिकारी स्याना रविन्द्र प्रताप सिंह व क्षेत्रीय अधिकारी स्याना प्रखर पांडे ने सावन मास की कांवड़ यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस ने व्यापक इंतजाम के साथ अस्थाई चौकी का शुभारंभ किया। कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए अस्थाई चौकी का निर्माण किया गया है। साथ ही सभी कांवड़ मार्गों पर 200 कांवड़ फैंटम और ढफश डायल 112 तैनात रहेंगी। अस्थाई चौकी पर चार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, और क्षेत्र में 24 घंटे कांवड़ फैंटम और पीआरवी टीमें कांवड़ मार्गों पर लगातार निगरानी रखेंगी। एसएसपी ने दौरे के दौरान पुलिस कर्मियो को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कांवड़ यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने को कहा है। मवई स्थित अस्थाई चौकी की कमान देवेंद्र पाल सिंह को सौंपी गई है। इस दौरान वहां पर उप जिला अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी स्याना प्रखर पांडे व थाना प्रभारी नरसेना रीतेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# 21 वर्षीय युवक ने अपने घर मे फांसी लगाकर की आत्महत्या

**संजीव कुमार गुप्ता**

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** जिले के इटवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिपरी महरी गांव में एक बेहद दुखद घटना सामने आयीं है। पिपरी महरी गांव निवासी 21 वर्षीय मग्गी मिश्रा पुत्र जनक मिश्रा ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आपको बता दें कि मग्गी मिश्रा की उम्र महज 21 बर्ष थी। यह घटना पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल पैदा कर गई है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है।

वहीं ग्रामीणों ने अनुमान में मृतक मग्गी मिश्रा के आत्महत्या करने के पीछे पारिवारिक कारण, मानसिक तनाव या अन्य कोई व्यक्तिगत कारण लगा रहे हैं, जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। मृतक मग्गी मिश्रा के परिवार के लोग गहरे सदमे में हैं और गांव में शोक की लहर है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष इटवा ने बताया कि मृतक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी मिली है। जिसकी जांच की जा रही है।

- इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष इटवा ने बताया कि मृतक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी मिली है।
- आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है।
- पिपरी महरी गांव निवासी 21 वर्षीय मग्गी मिश्रा पुत्र जनक मिश्रा ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान एंटी स्मगलिंग ड्राइव टीम ने दो नेपाली युवकों को हिरासत में लिया

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** एंटी स्मगलिंग ड्राइव खुनुवां की टीम ने खुनुवां राजा बाजार में नोमेंस लैण्ड के पास स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र के समीप डम्प किये जा रहे 13 बोरी चीनी व एक बोरी पॉलीथिन पैकेट बरामद किया, जिसे लिखा-पढ़ी के बाद कस्टम को सौंप दिया। इस मामले में पुलिस ने दो नेपाली युवकों को भी हिरासत में लिया है। खुनुवां पुलिस चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बीती देर शाम सीमा से सटे खुनुवां राजा बाजार में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र के पास नोमेंस लैण्ड के पास नेपाल भेजने के लिए

13 बोरी चीनी व एक बोरी पॉलीथिन पैकेट रखे जाने की सूचना मिली। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे कब्जे में ले लिया और मौके से दो नेपाली युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम मुबारक निवासी यशोधरा गांव पालिका के वार्ड नम्बर-07 गांव सुठौली व रामू निवासी वार्ड नम्बर-05 ग्राम सुल्तनवापुर थाना तौलिहवा जिला कपिलवस्तु नेपाल बताया। नेपाली युवकों से इसके वैध दस्तावेज भी नहीं थे। दोनों को हिरासत में ले लिया गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि चीनी के बोरी पर सरजू सहकारी वेल रेयान, खीरी लिखा हुआ है।

# मेरठ कैंट में तोड़े जा रहे अवैध निर्माण

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** अवैध निमार्णों की रोकथाम को लेकर मेरठ कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन के सख्त निर्देश के बाद भी बंगलों में अवैध निर्माण गुप चुप तरिके से किए जा रहे हैं

बीते गुरुवार को वैस्टर्न रोड और लालकुर्ती में अवैध निमार्णों की सूचना पर सीईओ के निर्देशों के बाद कार्रवाई करने पहुंची जेई के नेतृत्व में कैंट बोर्ड कर्मचारियों की टीम का मौके पर अवैध कब्जाधारियों व अवैध निर्माण कताओं ने नाकाम विरोध किया, बताया जा रहा है इस विरोध में एक बिल्डिंग मैटेरियल विक्रेता भी शामिल रहा है। कैंट बोर्ड द्वारा जिन अवैध निमार्णों को तोड़ा गया उसमें वैस्टर्न रोड स्थित बंगला नंबर 237 में डॉक्टर सलीम सिद्दीकी दिल्ली और लालकुर्ती 383 व 379 घोसी मोहल्ला में बुगगा और मुस्तकीम के अवैध निर्माण गिराये गए। वहीं बंगला नंबर 212 में निर्माण नक्शा स्वीकृत कर किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जायदातर बंगलों की पार्ट भूमि पर अवैध कब्जा व अवैध निमार्णों के साथ दुसरी तरफ सोतीगंज भूसा मंडी रजबन लालकुर्ती व सदर बाजार में बिल्डिंग निर्माण मैटीरियल का धंधा भी जोर पकड़े हुए हैं इसके द्वारा बिना परमिशन लिए बड़े भू भाग पर कारोबार फैला हुआ है जिससे भरी आबादी के बीच प्रदुषण फैल रहा है।



# सिम्भावली शुगर मिल कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार व थाना अध्यक्ष को सौपा समर्थन पत्र

**वेलकम इंडिया राजेंद्र वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली शुगर मिल कर्मचारियों ने ईमानदार कर्तव्य निष्ठ डीएम के द्वारा जनपद की पीड़ित जनता जनार्दन को तत्काल न्याय देने वाली कार्यशैली से त्रस्त आकर भ्रष्टाचार में लिप्त कुछ सफेद पोश एवं अधिकारियों ने रिश्वतखोरी के गोरख धंधे की दुकान पर ताला लटकता देख लेखपाल सुभाष मीणा की मौत को ढाल बनाकर जिला अधिकारी अभिषेक पांडे को अपना निशाना बनाना चाहते हैं। जो कदापि नहीं होने दिया जाएगा। भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के समर्थन में सामाजिक संगठनों के साथ-साथ सिंभावली शुगर मिल के कर्मचारियों ने भी तहसीलदार राहुल सिंह एवं थाना प्रभारी सुमित तोमर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर अपना समर्थन पत्र सौपा है। समर्थन पत्र सौंपने वालों में सुदेशपाल,अमरपाल यादव, परशुराम,शमी, अमरजीत, मोहम्मद ताहिर, विनेश कुमार, पवन, सुमित कुमार, अरुण कुमार और संदेश सहित अन्य कर्मचारियों उपस्थित रहे ।

# यूरिया खाद नहीं मिलने पर खाद्य केंद्र पर किसानों का हंगामा प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गंगेरू मैं स्थित सहकारी समिति पर यूरिया खाद नहीं मिलने पर किसानों ने हंगामा खड़ा कर दिया और प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी से शिकायत कर समस्या का निस्तारण कर कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू के बहु-उद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड पर किसान यूरिया खाद लेने के लिए पहुंचे किसानों का आरोप है कि बीते कई माह से समिति पर खाद नहीं मिल रहा है। खाद नहीं मिलने के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है मगर समय पर खाद्य बीज उपलब्ध नहीं होते जिस कारण किसान भुखमरी की कगार पर है। किसान संजीव फौजी, तेजपाल, अशोक, सलीम ,सोनू, साजिद, रमेश,शिवकुमार, उमरदीन, इरफान सहित आदि दर्जनों किसानों ने हंगामा करते हुए सहकारी समिति केंद्र पर तैनात कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। इपको केंद्र पर तैनात एमडी हंगामा होने पर आरोप है कि ताला लगाकर फरार हो गया। किसानों ने हंगामा प्रदर्शन कर जिलाधिकारी शामली को शिकायत करते हुए निस्तारण की मांग कर लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने समस्या का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है। इस दौरान हंगामा प्रदर्शन करने में दर्जनों किसान मौजूद रहे।



# एसडीएम को गढ़मुक्तेश्वर न०पा० परिषद सभासदों ने डीएम के समर्थन में पत्र देकर लेखपाल की मौत पर शोक व्यक्त किया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/ गढ़मुक्तेश्वर** नगर पालिका परिषद के सभासदों के द्वारा जिलाधिकारी अभिषेक पांडे जैसे ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ, जनता जनार्दन के नायक अधिकारी को भ्रष्टाचार में लिप्त कुछ सफेद पोश एवं अधिकारियो ने अपने रिश्वतखोरी के गोरख धंधे पर संकट के बादल मंडराते देख लेखपाल सुभाष मीणा की मौत को ढाल बनाकर ईमानदार जिला अधिकारी को निशाना बना रहे हैं। जो बिल्कुल न्यायोचित नहीं है। जिसको लेकर गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका परिषद के सभासदों ने लेखपाल की मौत पर शोक-संतप्त व्यक्त करने के साथ दुः खद घटना बताते हुए। जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के समर्थन में अपना समर्थन पत्र एसडीएम गढ़मुक्तेश्वर अंकित वर्मा को कर समर्थन देने की घोषणा की है।

समर्थन पत्र सौंपने वालों में अरुण गौड, लक्ष्मी यादव, अंकित कंसल, विनय कुमार, इकरामुद्दीन समेत अन्य सभासद उपस्थित रहे।



# गंगाजल कांवड़ियों के लिए आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक थाने में मिलेगी बाइक एम्बुलेंस/एडिशनल एसपी विनीत भटनागर

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/कावड़ यात्रा के चलते कांवड़ियों की सुरक्षा सुविधा के लिए जिले में कावड़ मार्ग पर प्रत्येक थाने में कावड़ एवं गंगाजल रखा जाएगा। ताकि खंडित होने पर कांवड़ियों को जल उपलब्ध कराया जा सके। और कांवड़ियों के लिए आपात स्थिति से निपटने के लिए बाइक एंबुलेंस उपलब्ध रहेंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। एनसीआर, दिल्ली, गाजियाबाद, हरियाणा, बुलंदशहर, अलीगढ़, आगरा, मोदीनगर मुरादाबाद बरेली,संभल,बदायूं काशीपुर सहित अन्य स्थानों से लाखों कांवड़िए तीर्थ नगरी बृजघाट, गोमुख, गंगोत्री, हरिद्वार आदि स्थानों से जल लेकर आते हैं। कई बार रास्ते में कावड़ खंडित हो जाती है। जिसको लेकर एडिशनल एसपी विनीत भटनागर ने बताया कि इस बार कावड़ मार्ग पर पढ़ने वाले प्रत्येक थाने में कावड़ गंगाजल रखा जाएगा इसके अतिरिक्त कांवड़ियों की सुविधा के लिए आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार के लिए बाइक एंबुलेंस भी रहेंगी।प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कराए जाएंगे।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की वार्षिक बैठक

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर के व्यापारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ पदाधिकारी ने भाग लिया। बैठक के दौरान व्यापारियों ने व्यापारिक समस्याओं के साथ नगर इकाई के गठन पर चर्चा की। इस दौरान दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

शनिवार को दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग स्थित आत्माराम गुप्ता एंड संस पेट्रोल पंप पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के प्रदेश मंत्री सचिन गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापारी एकता संगठन की मजबूती है। व्यापारिक वर्ग को आपसी मतभेद बुलाकर व्यापारी हित के लिए एक होना होगा। सचिन गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष व्यापारियों के ट्रांसपोर्ट वाहनों की समस्या उठाते हुए कहा कि महंगे माल वाहन खरीदने के बाद रोड टैक्स जमा करना, फिटनेस शुल्क देना, उसके बाद टोल भी देना तथा माल वाहन रखने की सीमा की बाध्यता व्यापारिक के लिए नुकसान का कारण बन रही है। बैठक में अन्य व्यापारियों ने जीएसटी स्लैब में आने वाले महत्वपूर्ण चीजों पर 12 प्रतिशत जीएसटी में संशोधित कर 5 प्रतिशत किए जाने की मांग की है। व्यापारियों ने अपनी अन्य समस्याओं के समाधान कराने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की व्यापारियों की समस्या का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है। जो भी अधिकारी व्यापारियों का सम्मान नहीं करेगा। संगठन उसे आईना दिखाने का कार्य करेगा। बैठक मे मोहनलाल चावला,राजेंद्र वर्मा, अरविंद कंसल, पवन कंसल,अंकुर अग्रवाल, जितेंद्र सैनी, राजीव शर्मा, दीपक गुप्ता, राजेंद्र आचार्य, नरेंद्र सिंघल, गुलशन खन्ना, सचिन शर्मा, विकास जैन, वरुण जैन, सहित दर्जन व्यापारी मौजूद है।



# चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सरकारी धन को लगाया जा रहा हैं चूना

**वेलकम इंडिया**

- सीएचसी बरसाना पर सरकारी आवास स्वीकृत होने के बाबजूद 5 वर्षो से लिया जा रहा हैं एचआरए
- पद का दुरुप्रयोग कर सरकारी धन से हो रही हैं पहलवानी, आला अफसरों की मेहरवानी

**मथुरा/बरसाना।** सूबे की सरकार आम जन मानस के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार से लापरवाही नहीं करना चाहती है। इसके लिए सरकारी चिकित्सालयो/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों/चिकित्सा अधीक्षकों को 24 घंटे चिकित्सालयो के प्रागण स्थित सरकारी आवासो मे रहने की सुविधा उपलब्ध कराती है जिसके लिए सभी प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों को हर हालत मे वही निवास करने का स्पष्ट शासनादेश है जिसके लिए इनके द्वारा हलफनामा भी मुख्यालय पर इस बात का दिया जाता है की हम सरकारी आवास पर ही निवास कर रहे है।वही शिकायत कर्ता देवकी नंदन निवासी पलसो गोवर्धन ने अपने एक शिकायती पत्र मे बताया हैं की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसाना के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0मनोज वशिष्ट द्वारा अपने पद के सापेक्ष हर स्तर के सरकारी धन का दुरुप्रयोग किया जा रहा हैं।चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 मनोज वशिष्ट के नाम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सरकारी आवास भी स्वीकृत हैं जिस पर इनके द्वारा कोई निवास नहीं किया जाता हैं। दूसरी तरफ शासनादेश के विरुद्ध चिकित्सा अधीक्षक विभागीय आला अफसरों की मेहरबानी और अपनी पहलवानी के चलते लगभग 5 वर्षो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसाना पर तैनाती के दौरान एचाआरए के नाम पर 2520 रुपए की सरकारी धन राशि को भी लगातार लेकर सरकारी धन को चूना लगाकर सरकारी धन का दुरुप्रयोग कर रहे हैं।

# पहचान छिपा हिन्दू लडकी से शादी करने मन्दिर पहुचा अधेड़ मतलूब पुजारी ने शक पर बुलाई पुलिस

**वेलकम इंडिया**

**प्रतापगढ़** ।सिटी कोतवाली अन्तर्गत स्थित जिले के पौराणिक मां बेल्हा देवी मंदिर में उस वक्त माहौल एकदम बदल गया. जब मंदिर में चल रही शादी की रस्मों के बीच पुजारी की नजर दूल्हे पर पड़ी. फिर क्या था पुजारी ने तुरंत पुलिस को कॉल किया भागते हुए पुलिस मंदिर पहुंची और जब हकीकत सामने आई तो परिसर में मौजूद हर शख्स दंग रह गया. पहचान छुपाकर हिंदू युवती से शादी करने पहुंचा मतलूब प्रतीकात्मक तस्वीर दरअसल, पूरा मामला लव जिहाद से जुड़ा है. जहां प्रयागराज जिले के चंद्रापुर का रहने वाला 45 वर्षीय मतलूब अहमद अपनी असली पहचान छुपाकर 20 साल की एक हिंदू लड़की से प्रतापगढ़ के बेल्हा देवी मंदिर मंदिर में शादी करने आया था. उसने अपना नाम ह्लराजीवह्व बताया था और मंदिर में बाकायदा शादी की रस्में भी शुरू कर दी थीं. लेकिन जैसे ही पुजारी मंगला प्रसाद को कुछ गड़बड़ नजर आई, उन्होंने पुलिस बुला ली. पुलिस जांच में पता चला कि मतलूब की शादी करीब 20 साल पहले हो चुकी है. इसके बावजूद वह अपना धर्म की छुपा कर मंदिर में हिंदू रीति-रिवाजों से अपनी दूसरी शादी की तैयारी में जुटा था. मंदिर प्रशासन और लड़की के घरवालों को उसने धोखे में रखा. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को थाने ले गई जहां पूछताछ जारी है. फिलहाल पुलिस ने पुजारी मंगला प्रसाद की शिकायत पर मतलूब के खिलाफ धर्म परिवर्तन कानून, धार्मिक भावनाएं आहत करने और धोखाधड़ी की धाराओं में नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. प्रतापगढ़ के एसपी शैलेन्द्र प्रताप ने कहा कि, ह्लआज दोपहर करीब 12 बजे एक सूचना मिली कि एक व्यक्ति पहचान छुपाकर मां बेल्हा देवी मंदिर में शादी करने आया है. तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अपने साथ ले गई जहां दोनों से पूछताछ की जा रही है. कहा कि पूछताछ के बाद जो भी जानकारी सामने आएगी उसके अनुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बी०एस०ए० कॉलेज के प्राचार्य प्रो० ललित मोहन शर्मा का हुआ सम्मान

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** प्रो० ललित मोहन शर्मा, प्राचार्य, बी०एस०ए० कॉलेज, मथुरा को डॉ० भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा के कार्य परिषद् सदस्य नामित होने पर श्री जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, कार्य परिषद सदस्य, दुवासु, मथुरा, प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति एवं अग्रवाल सभा (रजि०) मथुरा के निर्वाचन अधिकारी, श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल के पदाधिकारी सुभाष चन्द्र अग्रवाल एवं कृष्ण मुरारी लाल अग्रवाल ने अपनी-अपनी शुभकानाएँ एवं बधाई देकर शॉल, पटुका एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया और कहा कि जिस प्रकार प्रो० ललित मोहन शर्मा ने बी०एस०ए० कॉलेज, मथुरा में विगत तीन वर्षों में जो सर्वांगीण विकास किया है वह समाज के लिए एक मिशाल है। प्रो० शर्मा द्वारा महाविद्यालय में अच्छा शैक्षिक वातावरण, अच्छा अनुशासन एवं खेलकूद से सम्बन्धित सभी संसाधन अपने अथक प्रयासों से उपलब्ध कराये हैं जो कि एक सराहनीय कार्य है। हम आशा करते हैं कि प्रो० ललित मोहन शर्मा अपनी लगन एवं निष्ठा से विश्वविद्यालय विकास में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।



# श्री कृष्णा कन्या प्राथमिक सरकारी स्कूल मे जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क स्कूल बैग वितरण किया गया




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** बेहतर शिक्षा के क्रम मे शनिवार को कृष्णा नगर वार्ड 30 के अंतर्गत रोटरी बैंक ऑफ मथुरा वेस्ट द्वारा सैकडों बच्चो को स्कूल बैग वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद चंदन आहूजा कृष्णा नगर वार्ड 30 व जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट से अध्यक्ष देवेंद्र चुग जी, सेक्रेटरी भूपेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लोकेश मदान ,जगदीश चावला,अनिल गुप्ता,महेश कालरा ,आशीष साहू, राजकुमार अरोड़ा आदि रोटेरियन समाजसेवी उपस्थित रहे। नए सत्र के शुभारम्भ पर स्कूल बैग पाकर सभी बच्चों मे खुशी की लहर दिखाई दी और सभी बच्चो ने समाजसेवीयो का धन्यवाद प्रकट किया।

# 02 नाबालिग पुत्रियों के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पिता को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय, उ0नि0 सूर्यभान यादव, हे0का0 रामरतन, का0 कमलेश यादव, का0 आकाश कुमार यादव ने मु0अ0सं0 622/2025 धारा 65(1), 64(2)(I) बीएनएस व 3(क)/4(2) पाक्सो एक्ट थाना कोतवाली खलीलाबाद के मामले में वांछित अभियुक्त को शनिवार को मेहदावल बाईपास के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 11.07.2025 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर वादिनी की नाबालिग पुत्रियों के साथ वादिनी के पति द्वारा दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# इनरव्हील वृंदावन ने अन्नपूर्णा रसोई का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** इनरव्हील वृंदावन ने सावन माह के शुभ अवसर पर अन्नपूर्णा रसोई का आयोजन किया। जिसमें जरूरतमंद और गरीब महिलाओं को प्रसाद वितरित किया गया और उन्हें दक्षिणा भी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा विनीता द्विवेदी, सचिव पारुल अग्रवाल, एडिटर हिना गौतम सदस्य अर्चना यादव, राधा गोस्वामी की सक्रिय भागीदारी देखी गई। इस आयोजन के माध्यम से इनरव्हील वृंदावन ने समाज के वंचित वर्ग की सेवा करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। अन्नपूर्णा रसोई कार्यक्रम ने न केवल जरूरतमंद महिलाओं को भोजन प्रदान किया, बल्कि उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ सेवा करने का अवसर भी प्रदान किया। इनरव्हील वृंदावन की अध्यक्षा विनीता द्विवेदी ने कहा की हमें समाज की सेवा करने का अवसर मिला, जो हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। हम आगे भी इस तरह के आयोजन करते रहेंगे और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। इनरव्हील वृंदावन की इस पहल ने समाज में एक सकारात्मक प्रभाव डाला और संगठन की सामाजिक जिम्मेदारी को उजागर किया।




# ग्रामीण की बाइक चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी एक व्यक्ति की बाइक चोर ने चोरी कर ली चोर की करतूत पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी ग्रामीण आशीष हुड्डा ने बताया कि वह शनिवार को अपनी स्प्लेंडर बाइक यूपी 15 पर सवार होकर कस्बे की बड़ी नहर पटरी स्थित मीडिया कार्यालय के समीप अपनी निजी कार्य से आया हुआ था। पीड़ित नहर पटरी पर अपनी बाइक खड़ी कर रखी थी और वह निकट की दुकान से सामान लेने के लिए चला गया था। तभी एक चोर ने मौका पाकर पीड़ित की बाइक चोरी कर ली चोर की करतूत पास के लगे प्रिंटिंग प्रेस के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने अपनी बाइक को आसपास के स्थान पर तलाश किया मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित ग्रामीण ने थाने पहुंचकर पुलिस को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराते हुए चोर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर अपनी बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक चोर की तलाश में जुटी हुई है।



# इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस ने छात्राओं के साथ मिलकर किया पौधारोपण

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**

**बरेली।** सूरजभान गर्ल्स इंटर कॉलेज में इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस द्वारा ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर क्लब की सदस्यों ने अपनी माताओं की स्मृति व सम्मान में पर्यावरण संरक्षण के सकल्प को लेकर पौधारोपण कर उन्हें एक भावनात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष डॉ मधु गुप्ता ने कहा कि यह पहल न सिर्फ पर्यावरण को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि मातृस्नेह को प्रकृति से जोड़ने का एक सुंदर माध्यम भी है। इस अवसर पर आम, अशोक, नीम, और गुड़हल जैसे विभिन्न औषधीय, छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिमा तिवारी एवं अमित खंडेलवाल ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे भी अपने जीवन में पेड़ों को महत्व देना सीखेंगी। इस कार्यक्रम में क्लब की सचिव वैशाली अग्रवाल, सुनीता, सुरभि पाठक, कमलेश वैश्य, अंजू वैश्य, ज्योति, डॉ ममता, अफ्जा, अनीता, रीना, ललिता व अन्य सदस्यों के साथ-साथ विद्यालय की शिक्षिकाएं व छात्राएं भी उपस्थित रहीं। सभी ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।




# खाद गढ़ों की भूमि पर जबरन कब्जा करने का आरोप

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बा एलम के मोहल्ला विकास नगर के कई लोगों ने थाने पर तहरीर देकर दर्जनों लोगों पर खाद गढ़ों की भूमि पर जबरदस्ती कब्जा करना एवं नगर पंचायत की मिली भगत से उक्त कब्जे पर निर्माण कार्य करने का आरोप लगाते हुए निस्तारण की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। शनिवार को थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला विकास नगर निवासी सोनू पवार,सुमन,अनीता, मोनू, नितिन चौधरी, सचिन पवार, जसवीर सिंह,सत्येंद्र, बिजेंदर सहित आदि कई लोगों ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि कस्बे की उतरी विकास नगर के अंतर्गत खसरा संख्या 367 खाद गढ़ों की जमीन है जिसमें सभी किसान अपने-अपने पशुओं का गोबर, कबाड़ डालते हैं। आरोप है कि कस्बे के दर्जनों दबंगों ने अपनी दबंगई के चलते खाद गढ़ों की जमीन पर कब्जा कर लिया है। जब पीड़ितों ने नगर पंचायत से शिकायत की तो नगर पंचायत कर्मचारियों ने मिली भगत करते हुए अपने करीबी लोगों के जबरन कब्जे करवा दिए। आरोप है कि कब्जा धारी लोग खाद गढ़ों की भूमि पर चार दिवारी करना चाहते हैं। खाद गढ़ों की भूमि पर दबंगों का कब्जा होने से किसानों को अपना खाद डालने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान सभी लोगों ने तहरीर देकर निस्तारण किए जाने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि राजस्व विभाग की टीम एवं पुलिस को मौके पर भेज कर समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

## यूनिवर्स अस्पताल में भर्ती युवती से डॉक्टर द्वारा छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोशिश की गई, रिपोर्ट दर्ज

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**

**बरेली।** इज्जतनगर के यूनिवर्स अस्पताल में भर्ती एक युवती के साथ इलाज के दौरान डॉक्टर द्वारा छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद पीड़िता के भाई ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल थाना इज्जतनगर क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने बताया है कि उसकी बहन बीमार थी, जिसे उसने गुरुवार को पीर बहोड़ा स्थित यूनिवर्स अस्पताल में भर्ती कराया था। अगले दिन शुक्रवार को जब वह बहन को अस्पताल से छुट्टी दिलाकर घर लाया तो बहन ने रोते हुए बताया कि अस्पताल में शुक्रवार को दोपहर लगभग तीन बजे डॉक्टर नईम ने उसके साथ छेड़छाड़ की और दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता के अनुसार, जब उसने शोर मचाया तो डॉक्टर मौके से भाग निकला। डर की वजह से उसने अस्पताल में किसी को कुछ नहीं बताया। घर आकर उसने भाई को पूरी घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अस्पताल प्रबंधन से भी पूरे मामले में जवाब तलब किया जा रहा है। फिलहाल आरोपी डॉक्टर फरार बताया जा रहा है।

# शराब चोर गैंग के पांच बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**



**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के कठपुला पुल के पास शनिवार सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। सूचना पर घेराबंदी कर रही पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश रविंद्र के पैर में गोली लगी, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से पुलिस ने उसके चार साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। सभी पांचों आरोपी शराब चोरी की दो वारदातों में वांछित थे। थाना कैंट पुलिस को शुक्रवार देर रात सूचना मिली थी कि अंग्रेजी शराब चोरी की घटना में वांछित पांच आरोपी दो बाइकों से कठपुला पुल के पास जंगल की ओर से आ रहे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में रविंद्र पुत्र गजेंद्र पाल निवासी धनोरा, थाना भमोरा, बरेली के पैर में गोली लग गई। उसे पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल भेजा गया। घायल रविंद्र के साथ पकड़े गए अन्य चार आरोपी सियानंद उर्फ श्याम (भमोरा, बरेली), अवनीश (सेरहा, दातागंज, बदायूं), गुड्डू (तजपुरा, भमोरा, बरेली) और जगतपाल (ढका, विशारतगंज, बरेली) को भी मौके से दबोच लिया गया। पुलिस ने मौके से दो तमंचे, दो कारतूस, एक खोखा, चोरी की गई 15 हाफ अंग्रेजी शराब, एक पेटी देसी शराब और दो मोटरसाइकिलें (स्प्लेंडर प्लस और डिस्कवर) बरामद की हैं। पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ में अन्य चोरी की घटनाओं को भी कुबूल किया है। पुलिस द्वारा सभी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। मुठभेड़ के दौरान किसी पुलिसकर्मी को कोई हानि नहीं पहुंची है।

## बाइक सवार शातिर लुटेरों से मुठभेड़, गोली लगने से दोनों घायल, अवैध असलहे और लूटी चैन बरामद



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात पुलिस ने गुरुवार को कुड़वल बनारस बंबे पर चेकिंग के दौरान दो शातिर लुटेरों से मुठभेड़ कर उन्हें घायलावस्था में गिरफ्तार किया। दोनों बदमाश बाइक से भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन घेराबंदी के दौरान उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों को पैर में गोली लगी। घटनास्थल से पुलिस ने अवैध तमंचे, कारतूस, लूटी हुई चैन और बाइक बरामद की है। जानकारी के अनुसार, जनपद में चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस की टीम कुड़वल बनारस बंबे के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक अपाचे बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक आते हुए दिखे। रुकने का इशारा करने पर वह पुलिस को देखकर बाइक घुमाकर तेजी से भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा कर घेराबंदी की, तो खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई, जिससे वे मौके पर ही घायल होकर गिर पड़े। दोनों को गिरफ्तार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पूछताछ में उनकी पहचान आलम पुत्र नासिर निवासी ग्राम भईपुरा थाना कोतवाली देहात तथा इरफान पुत्र इस्तकार निवासी धमेड़ा अड्डा थाना कोतवाली नगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ये दोनों शातिर लुटेरे हैं और बीते 7 जुलाई को ब्लू मून होटल के पास एक महिला की चैन लूटने की वारदात में शामिल थे। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस, चार खोखा कारतूस, पीली धातु की लूटी हुई चैन और एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों के खिलाफ कोतवाली देहात पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, आलम के विरुद्ध पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, लूट और मारपीट की धाराएं शामिल हैं। वहीं इरफान के विरुद्ध चार मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं, जिनमें गौतमबुद्धनगर के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र की वारदात भी शामिल है। गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक के नेतृत्व में की गई, जिसमें उप निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, जावेद, मनीष यादव, हेड कांस्टेबल अंकित, जितेन्द्र सिंह, विपिन जावला और कांस्टेबल गौरव राणा, बलजोर, राजकुमार व उत्कर्ष शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने टीम की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों पर नकेल कसने का अभियान इसी तरह जारी रहेगा।

# पत्रकार के साथ हुए मारपीट को लेकर पत्रकारों में रोष

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** माउंट आबू में पत्रकार हरिपाल सिंह के साथ एक जुलाई को हुए मारपीट के घटनाक्रम को लेकर देश के अग्रणी पत्रकार संगठन इंडियन मीडिया काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमाकांत गोस्वामी ने मुख्यमंत्री महोदय के नाम पत्र लिखकर पुरजोर मांग की है , कि पत्रकार पर हमलें के आरोपियों व इस प्रकरण में लिप्त अन्य अधिकारियों जिनकी शह पर यह कृत्य किया गया था , उन पर शीघ्र अतिशीघ्र कड़ी से कड़ी व संतुष्टिप्रद कार्रवाई करें । साथ ही इंडियन मीडिया काउंसिल ने पत्र में बताया है कि अगर जल्द ही कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की तो राजस्थान प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री महोदय के नाम जिला कलेक्टर को चेतावनी स्वरूप ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया जाएगा। साथ ही इंडियन मीडिया काउंसिल ने प्रमुख मांग करते हुए बताया कि पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाए। संगठन की प्रदेश इकाई द्वारा लिए गए निर्णयानुसार यदि जिला स्तरीय ज्ञापनों पर भी राज्य सरकार पत्रकार के साथ मारपीट की इस घटना को गंभीरता से नहीं लेती है तो राजधानी जयपुर में संगठन के आव्हान पर हजारों की संख्या में पत्रकार व विभिन्न सामाजिक संगठन एकत्रित होकर एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे , जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी फिर राज्य सरकार की ही होगी।

# गढ़मुक्तेश्वर पुलिस की पोनी नजर चप्पे-चप्पे पर कावड़ यात्रा का शुभारंभ होने पर भारी वाहनों पर लगाई रोक

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/कावड़ यात्रा को सुरक्षा व्यवस्था के बीच सफल सुगम संपन्न कराने को लेकर गढ़मुक्तेश्वर पुलिस के द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यहां तक की तीर्थ नगरी ब्रजघाट में ड्रोन कैमरे की निगरानी में सफल कराई जाएगी कावड़ यात्रा। जिसको लेकर गढ़मुक्तेश्वर पुलिस की पैनी नजर चप्पे-चप्पे पर लगी हुई है। और कावड़ यात्रा का शुभारंभ होने के साथ-साथ ब्रजघाट पुलिस ने शनिवार से लेकर सोमवार तक के लिए भारी वाहनों पर रोक लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जैसे-जैसे कांवड़ियों की संख्या बढ़ती जाएगी। उसी के आधार पर रूट डायवर्ट रूपरेखा तैयार की गई है। वाहनों का रूट डायवर्ट किया जाएगा। कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत प्रशासन के द्वारा कावड़ मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था , विद्युत पोलों पर टेपिंग व्यवस्था के साथ सुसज्जित किया गया है।

## कांवड़ मार्गों पर नहीं खुलेंगी मीट की दुकानें: एसएचओ



**वेलकम इंडिया**

**जहाँगीराबाद।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा की शुरूआत होने पर शनिवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसएचओ रामफल सिंह ने साफ शब्दों में निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के मार्गों पर मीट की दुकाने नहीं खुलेंगी। साथ ही डीजे पर कोई भी भड़काऊ और जातिवादी गाने नहीं बजेंगे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर किसी भी अफवाह फैलाने वाले लोगों पर भी पुलिस की नजर रहेगी और ऐसे असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही की जाएगी। एक दिन पूर्व डीजे संचालकों के साथ ली गई बैठक में डीजे की लंबाई चौड़ाई भी निश्चित की गई। कांवड़ यात्राओं में बजने वाले डीजे 10 फुट से ज्यादा ऊंचे नहीं होंगे और उनकी लम्बाई 14 फुट से ज्यादा नहीं होगी। इसके अलावा कांवडियों के शिविर सड़क के बाई ओर लगेंगे। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए।

# बिजली के मीटर की समस्या को सही कराने के लिए परेशान हो रहे उपभोक्ता

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**

**बरेली।** बिजली विभाग का शिकायत प्रकोष्ठ कितना कारगर है यह किसी को बताने की आवश्यकता नहीं है। यहां पर बिजली विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर यदि किसी व्यक्ति को समस्या होती है, तो वह मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकता है, जी हां बिजली विभाग का कुछ ऐसा ही दावा है। लेकिन यह दावा कितना सही है आज हम आपके सामने इसको ही रखने जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सीबीगंज उपकेंद्र के आधीन सर्वोदय नगर कॉलोनी में दो परिवार ऐसे रह रहे हैं, जिनके बिजली के मीटर में कुछ तकनीकी कमी होने के कारण उनके बिजली का बिल या तो हद से ज्यादा आ रहा है या उपभोक्ता की उम्मीद से बहुत कम आ रहा है। आपको बता दें कि इस कॉलोनी में रहने वाले हरिशंकर गंगवार पिछले कई महीनो से इस बात से परेशान है कि उनके बिजली का बिल उम्मीद से कम क्यों आ रहा है, इस समस्या को लेकर जब उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से पत्राचार किया तो अधिकारियों ने बात को आया गया कर दिया और समस्या जस की तस बनी रही। वहीं पड़ोस में ही रहने वाले भजन लाल का कहना है कि उनका बिजली का मीटर अभी कुछ महीने पहले ही बिजली विभाग के कर्मचारियों ने 1500 रुपए लेकर बदल दिया था, बारिश के मौसम में घर के बाहर मीटर लगे होने के कारण उसमें न जाने कैसे पानी चला गया, जिस वजह से मीटर में अब रीडिंग नहीं आ रही है। अब जब भी मीटर रीडर बिल निकालने घर पर आता है तो वह अपने मन से बिल निकाल कर चला जाता है, यह सिलसिला पिछले दो महीना से जारी है। हमारी इस समस्या की कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। इन दोनों ही उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर पर शिकायत भी दर्ज कराई है जिसे आज लगभग 15 दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी भी जब उसका स्टेटस चेक किया जाता है तब वह पेंडिंग ही दिखाई देता है। भजनलाल में अपना शिकायत नंबर ट२25062507001 हमारे साथ साझा किया है, वहीं हरिशंकर गंगवार ने भी अपना शिकायत नंबर ट२28062509383 देते हुए कहा है कि अगर बदली हुई बिजली की व्यवस्था इतनी ही दयनीय है तो इससे अच्छी व्यवस्था पहले वाली ही ठीक थी, कम से कम उस व्यवस्था में उपभोक्ताओं को दर-दर ठोकरें तो नहीं खानी पड़ती थी। अब देखना होगा कि बिजली विभाग के आला अधिकारी ऐसे ही उपभोक्ताओं को परेशान करते रहेंगे या उनकी समस्याओं के निदान के लिए कुछ सार्थक कदम भी उठाएंगे।



# मोदी कॉलेज में संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता अभियान पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा जी के निर्देशों के क्रम में संचारी रोग नियंत्रण अभियान जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत वेक्टर जनित रोगों जल जनित रोगों सफाई अभियान दस्तक से बचाव रोकथाम एवं उपचार के ऊपर एक निबंध व चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह पोस्टर प्रतियोगिता विद्यालय की कला प्रवक्ता श्रीमती वर्षा रानी के नेतृत्व में आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता को सफल बनाने में उनका प्रयास प्रंशसनीय है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि संचारी रोग वह होता है जो एक व्यक्ति से या जानवर से दूसरे व्यक्ति में या किसी सतह से व्यक्ति में फैलता है। यह वायरस और बैक्टीरिया जैसे रोगजनकों के कारण होते हैं इस तरह के संचारी रोगों को हम संक्रामक रोग भी कहते हैं जो हमारे चारों ओर गंदगी आदि की वजह से फैलते हैं। छात्रों को स्वच्छता अभियान के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई इस अवसर पर सभी छात्रों से अनुरोध किया गया कि अपने अभिभावकों से भी संचारी रोग नियंत्रण से बचाव और स्वच्छता पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए कुछ पंक्तियां लिखकर लाने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर द्वितीय पाली के इंचार्ज धर्मवीर सिंह विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# डीजीआर स्कूल में एन.सी.सी. भर्ती का सफल आयोजन





वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डीजीआर ग्रुप ऑफ एजुकेशन में एन.सी.सी. कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया दो चरणों में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। पहले दिन बालकों की भर्ती की गई, जिसमें 100 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दूसरे दिन बालिकाओं की भर्ती हुई। जिसमें 70 छात्राओं ने भागीदारी निभाई।इस चयन प्रक्रिया में से 25 बालकों और 20 बालिकाओं का चयन एन.सी.सी. के लिए किया गया, जो कि छात्रों की शारीरिक क्षमता, अनुशासन और समर्पण के आधार पर हुआ। इस अवसर पर चेयरमैन गुलबीर सिंह, प्राचार्या डॉ. सोनल चौधरी, एएनओ गुड्डू गुप्ता,पीजीटी डॉ. रचना शर्मा, शिक्षक कपिल कुमार एवं नीरज शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सूबेदार नरधोज थापा, हवलदार देवेंद्र बिष्ट, एवं हवलदार पवन कौशल का विशेष योगदान रहा।

## महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उपनिदेशक देवेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अध्यक्ष विनोद वैशाली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य डॉक्टर अंशु सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करते हैं।कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और मातृ शक्ति के सम्मान में पौधरोपण करना रहा। उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों एवं उपस्थित जनसमूह से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। मुख्य अतिथि विनोद वैशाली ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं और ह्णएक पेड़ मां के नामह्व जैसे कार्यक्रम हमें प्रकृति से जुड़ने का प्रेरक माध्यम प्रदान करते हैं।विद्यालय के शिक्षकगण, एवं छात्रों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया।यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी जागृत हुई।

# आरकेजीआईटी में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** आरकेजीआईटी के सी. सी. एस. यू. कैम्पस में रिसर्च फाउन्डेशन ऑफ इन्डिया (आर. एफ. आई) के सहयोग से ह्णइन्टिग्रेशन ऑफ ए. आई. इन बिजनेस ट्रान्सफोर्मेशन & इनोवेशनह्व पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य ए. आई. तकनीकों के व्यापार जगत पर पड़ने वाले प्रभावों को समझना, तथा नवाचार और शोध के नए दिशाओं की पहचान करना था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. नसीब अहमद (जामिया मिलिया इस्लामिया), डा. जीनत जैदी (प्रधानाचार्य, राजकीय डिग्री कॉलेज), डा. आलोक सिंह चौहान (गलगोटिया युनिवर्सिटी), संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान एवं कन्वेनर डा. शिवानी त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने सभी शोधार्थियों एंव शिक्षकों से भविष्य की ए.आई. तकनीकी पर शोध करने ओर उनके हर क्षेत्र में उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि शोधकताओं और शैक्षिक संस्थानों की ज़िम्मेदारी है कि वे ए. आई. की नई दिशाओं पर गहन शोध करें तथा समाज में इसके प्रभावी और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करें। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान ने बताया कि ए. आई. न केवल एक तकनीकी उपकरण है, बल्कि आधुनिक युग की एक अपरिहार्य आवश्यकता बन चुकी है। कार्यक्रम में देशभर से आये 50 से अधिक शोधकताओं और शिक्षकों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए, जिनमें ए.आई. के व्यावसायिक अनुप्रयोगों, शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्त और प्रशासन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग पर गहन विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें ए.आई. आधारित वास्तविक व्यावसायिक मॉडल, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और ऑटोमेशन के माध्यम से बिजनेस ट्रान्सफॉर्मेशन एवं इनोवेशन को बढ़ावा देने पर केंद्रित चचाएँ हुई। इस संगोष्ठी के सफल आयोजन पर विभागाध्यक्ष डॉ. शिवानी त्यागी ने सभी शोधार्थियों, अतिथियों एवं अध्यापकों के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## गुरु पूर्णिमा योग सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन,स्वामी आरोग्य देव द्वारा कराया योगाभ्यास

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गुरु पूर्णिमा योग सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन कनिष्क पब्लिक स्कूल डिफेंस कॉलोनी निवाड़ी रोड़ पर पतंजलि योग परिवार तहसील मोदीनगर के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता साधक साधिकाए द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूज्य स्वामी आरोग्य देव द्वारा योगाभ्यास, प्राणायाम, आसन एवं उनसे होने वाले लाभ की जानकारी दी तथा विशेष हास्य आसान विभिन्न तरह से कराकर लाभान्वित किया। इस मौके पर पूजन, तथा सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं मंच संचालन करतार सिंह भाटी सह प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट पतंजलि योग जिला गाजियाबाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वामी जी द्वारा वरिष्ठ पत्रकार अनिल वशिष्ठ सहित कई साधकों का सम्मान किया गया। इस मौके पर बहनों द्वारा पूजन तिलक किया गया ।इस अवसर पर तहसील मोदीनगर के एवं तहसील मोदीनगर के नये सदस्यों को दायित्व दिया। इस मौके पर इस मौके पर प्रेमचंद सैनी - तहसील प्रभारी पतंजलि,डा सन्तोष तिवारी - सह प्रभारी पतंजलि, पवन कुमार शर्मा -प्रभारी भारत स्वाभिमान ,संगठन मंत्री - प्रवीण त्यागी, कोषाध्यक्ष-अजय त्यागी, संजीव त्यागी - किसान प्रभारी अरविन्द तिवारी - मिडिया प्रभारी अनुज शर्मा - युवा प्रभारी मनीष कंसल -सह युवा प्रभारी सतीश कुमार - संरक्षक तहसील सुनील कुमार तोमर - मह मन्त्री अजय कुमार यादव, शरद यादव, प्रमोद कुमार शर्मा, शैलेश जैन, पुष्पेन्द्र सिंह, ब्रजमोहन जी, वैदाश, ब्रजपाल सैनी शेर सिंह, प्रमोद कंसल, संजीव, प्रतीक, वैभव, डा वेदी, निर्मल, डा कमलेश्वर, अशोक, अरूण त्यागी पवन शर्मा, आशी गुप्ता, नेहा शर्मा, आदि साधक साधिकाए उपस्थित रहे।



# जनता पी.जी. कॉलेज पतला की प्रबंध समिति का विस्तार

वेलकम इंडिया







**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** जनता पी.जी. कॉलेज, पतला (जनपद गाज़ियाबाद) की प्रबंध समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अजीत योगी ने की। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सचिव राजेन्द्र सिंह चिकारा, कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर अतुल कुमार गोयल सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में कॉलेज के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों के सुचारू संचालन, पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से प्रबंध समिति का विस्तार करते हुए विभिन्न उप-समितियों का गठन किया गया। इन समितियों में अनुभवी, सक्रिय एवं समर्पित व्यक्तियों को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया, जो अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता रखते हैं। यह निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया। नवनियुक्त समितियों एवं उनके अध्यक्षों का विवरण निम्नानुसार है। जयदीप सिंह झ अध्यक्ष, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति एवं क्रीड़ा समिति,एडवोकेट गौरव प्रताप सिंहझ अध्यक्ष, कानूनी सलाहकार समिति,योगेन्द्र सिंह पतला झ अध्यक्ष, कार्यक्रम संचालन समिति, सुबोध कुमारझ अध्यक्ष, क्रय-विक्रय समिति, हरेंद्र सिंह झ अध्यक्ष, कॉलेज व्यवस्था एवं जांच समिति,विवेक उज्जवल झ अध्यक्ष, भवन निर्माण एवं नीलामी समिति, राजेन्द्र सिंह चिकारा झ अध्यक्ष, चयन समिति। बैठक में सभी सदस्यों ने नवगठित समितियों को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि यह समितियां कॉलेज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## एसडीएम ने अधिकारियों को कांवड़ यात्रा को सुलभ और सुरक्षित संपन्न कराने के दिए निर्देश



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एसडीएम अजीत कुमार ने कांवड़ यात्रा को लेकर तहसील सभागार में अधीनस्थ अधिकारियों व लेखपाल कानूनगो के साथ बैठक की। एसडीएम ने व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। लेखपालों से कहा कि वे अपने अपने हल्के के ग्राम प्रधानों से सामंजस्य बनाकर कांवड़ यात्रा को बेहतर बनाने में जुटे। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखें।

उन्होंने पथ प्रकाश व्यवस्था, मार्ग सफाई कार्य जल्द पूर्ण कराने को कहा है। एसडीएम अजीत कुमार लेखपालों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों का कांवड़ यात्रा को सुलभ और सुरक्षित संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग मोदीनगर मुरादनगर सहित कांवड़ यात्रा मार्ग पर जहां-जहां खामियां हैं, उन्हें अधिकारी ने तत्काल दुरुस्त करा लें। एसडीएम ने सड़क किनारे सफाई कार्य, बिजली व्यवस्था और पथ प्रकाश व्यवस्था कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले पूरा कराने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को 24 घंटे स्वास्थ्य शिबिर और एंबुलेंस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा मार्ग पर आवारा पशुओं को सड़क पर आने से रोकने और ढाबों पर खाद्य सामग्री की मूल्य सारणी लगाने, मीट की दुकाने बंद रखने और शराब की दुकानों पर पर्दा डालने के निर्देशों का पालन कराने के लिये लेखपालों को कहा। बैठक में तहसीलदार रजत सिंह, कानूनगो विनोद चौहान, हरिओम पांडे, संजय लेखपाल सहित कई उपस्थित रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में आज का दिन रहा एक्टिविटी दिवस





वेलकम इंडिया

**आगरा,** 12 जुलाई, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कमला नगर, आगरा गत शनिवार की भांति एक्टिविटी दिवस का आयोजन किया गया यह आयोजन प्रधानाचार्य कृष्णकांत द्विवेदी और प्रबंध समिति की शैक्षिक कोर कमेटी के अध्यक्ष श्री अनंत विश्वेंद्र सिंह जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इस अवसर पर छात्रों को 16 क्लबो में बांटा गया जिसमें लिटरेचर क्लब, स्पोर्ट्स क्लब, गणित क्लब, कौशल विकास विज्ञान क्लब, सामाजिक विषय क्लब, वाणिज्य क्लब, संगीत क्लब ,फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी क्लब, आर्ट व पेंटिंग क्लब, पर्यावरण क्लब, सामाजिक समरसता क्लब ,व्यक्तित्व विकास क्लब, कंप्यूटर व ए आई क्लब ,पार्लियामेंट क्लब ,बनाए गए सभी क्लबो में आज छात्रो के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई गई जिनमें ह्यूमन एक्शन ,सेंस ऑर्गन ,फ्री हैंड ड्राइंग, पॉलिथीन वर्जित करना, आदि भी शामिल रही। श्री अनंत विश्वेंद्र सिंह ने सभी सभी क्लबो का भ्रमण कर छात्रों से संवाद किया एवं उनके उत्साह की सराहना की प्रधानाचार्य श्री कृष्ण का द्विवेदी ने कहा की गतिविधि आधारित शिक्षण से छात्रों में आत्मविश्वास ,टीमवर्क की भावना, समस्या समाधान, रचनात्मकता और संचार कौशल आदि का विकास होता है। सभी क्लबो के गठन और संचालन में श्री तुषार गर्ग ,श्री अरविंद मिश्रा तथा किशन प्रकाश सारस्वत की प्रमुख भूमिका रही।

# पुलिस कमिश्नर व जिलाधिकारी ने दूधेश्वर नाथ मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** श्रावण मास की महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए गाजियाबाद पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद अधिकारियों ने शहर के प्राचीन श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर और कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुख्ता इंतजाम किए हैं। शनिवार को पुलिस कमिश्नर जे. रविन्दर गौड़ ने जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल सहित अन्य अधिकारियों के साथ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर का गहन निरीक्षण किया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मंदिर परिसर को 13 बीट क्षेत्रों में बांटा गया है और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। मंदिर परिसर के अंदर 22 और बाहर 82 सहित कुल 104 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी 24 घंटे सातों दिन कंट्रोल रूम से की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कांवड़िए और श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकेंगे। इस दौरान अधिकारियों ने मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से भेंट कर व्यवस्थाओं पर चर्चा की और उनके सुझाव भी लिए। मेरठ रोड तिराहा स्थित कांवड़ यात्रा के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का भी पुलिस कमिश्नर और अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए 4 स्थायी कंट्रोल रूम, 1 मुख्य कंट्रोल रूम, 2 सब कंट्रोल रूम और 8 स्टैटिक कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।

कांवड़ यात्रा मार्ग पर कुल 1657 सीसीटीवी कैमरे, 71 बैरियर, 33 सार्वजनिक घोषणा प्रणाली और 1560 पुलिस स्वयंसेवक तैनात किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर यात्रियों और नागरिकों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग, चिकित्सा सहायता केंद्र, जलपान और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। साथ ही, पुलिस कमिश्नर ने मंदिर परिसर में पुलिस बल की संख्या बढ़ाने और कुछ नए सुरक्षा प्वाइंट बनाने के भी निर्देश दिए। यातायात प्रबंधन और महिला सुरक्षा को लेकर भी विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया है।

# यूपी में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में तेजी गाजियाबाद में हो रहे हैं कई कार्यः वाईपी सिंह



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** यूपी स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि० के अध्यक्ष और दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वाईपी सिंह ने लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी और उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। श्री सिंह ने बताया कि गाजियाबाद स्थित महामाया स्टेडियम में 16.02 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य कराए जाएंगे। इनमें स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेनिंग ट्रैक और हॉकी मैदान का ट्रैक बनाने का काम शामिल है। इन कार्यों को 21 अगस्त 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अन्य चल रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया, जिनमें नगर निगम द्वारा स्टाम्प एवं रिजस्ट्रेशन विभाग से संबंधित 4.17 करोड़ की लागत से इसका निर्माण कार्य। साहिबाबाद और भौपुरा में स्थित छात्रावासों का क्रमशः 77.61 लाख और 61.71 लाख की लागत से मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का कार्य। निडोरी, गाजियाबाद में 194.31 लाख की लागत से मरम्मत (रिनोवेशन) का कार्य। मोदीनगर तहसील में 60 लाख की लागत से वन स्टॉप सेन्टर भवन का निर्माण। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ह्यअपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस नीति के कारण उत्तर प्रदेश अपराध नियंत्रण के मामले में देश में नंबर वन है। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि पिछले 8 साल में उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर वाला राज्य बन गया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार पुरानी सनातन संस्कृति और धरोहरों को सुरक्षित करने का काम कर रही है, जिसके तहत अयोध्या में राम मंदिर, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर और बागपत में पुरातन महादेव मंदिर का नवीनीकरण किया जा रहा है।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेस्ट का पद ग्रहण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया





वेलकम इंडिया





**गाजियबाद।** रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद ग्रेटर नेस्ट का पद ग्रहण समारोह ₹कॉन्टिनेंटल₹ रेड कार्पेट होटल,राज नगर एक्सटेंशन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया इसमें मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. अमिता महेंद्रू व रो. (कैप्टन) अनिल महेंद्रु जी अपनी डिस्ट्रिक्ट टीम के साथ मौजूद थे। निवर्तमान अध्यक्ष रो. वरुण गौड़ जी ने वर्ष 25-26 के अध्यक्ष रो. अरूणा अग्रवाल जी को कोलर एक्चेंज व रोटरी पिन लगाकर बधाई देते हुए सफलता की कामना की और भविष्य में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। वर्ष 25-26 के लिए सचिव पद का भार रो. प्रिया खंडेलवाल व कोषाध्यक्ष के पद की बागडोर रो. अंकित अग्रवाल सौंपी गई। निवर्तमान अध्यक्ष वरूण गौड़ अपने संबोधन में वर्ष 24-25 अपने किये कार्यो को विस्तार से बताया वर्तमान अध्यक्ष रो. अरुणा अग्रवाल जी ने कहा कि हमारा क्लब डिस्ट्रिक्ट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा और क्लब स्तर पर समाज सेवा के कार्य अपने अनुरूप करेंगे इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा इस वर्ष 15000 डॉलर रोटरी फाउंडेशन में दिए जाएंगे और कैंसर फारुनडेशन रु 51000/ का चेक मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो.अमिता महेंद्रु जी को प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गई। इस पद ग्रहण समारोह के चैयरमैन,पीडीजी जे के गौर जी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा क्लब डिस्ट्रिक्ट में अग्रणी स्थान रखता है,जिस तरह हमारे क्लब द्वारा पिछले वर्षों में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स किए गए हैं हम आशा करते हैं कि वर्तमान अध्यक्ष रो. सुनील जैन,सचिव रो.अंजुल गुप्ता,कोषाध्यक्ष रो.मधुर मित्तल के कुशल नेतृत्व में क्लब अपनी परंपरा को कायम रखेगा। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो.अमिता महेंद्रु जी ने अपने संबोधन में खुशी जाहिर की कि रोटरी गाजियाबाद ग्रेटर नेस्ट का डिस्ट्रिक्ट में एक विशेष स्थान है और मुझे उम्मीद है कि ₹अंजाम₹ इससे भी कहीं ज्यादा अच्छा होगा। शपथ ग्रहण समारोह में पीडीजी एम एल अग्रवाल एवं आई पीडीजी प्रशान्त राज शर्मा ए जी अभिषेक जिन्दल ने संबोधन किया। अतिथियों स्वागत पीडीजी अशोक अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पीडीजी मुकेश अनेजा, रमेश अग्रवाल, सुभाष जैन,दीपक गुप्ता,ललीत खन्ना, प्रियतोष गुप्ता,डीजीई अमित गुप्ता, कउ उँ१ दीपिका बाली, सचिव आशा वालिया,डीडीए गौरव भार्गव एवं डीडीजेड अंकित गोयल उपस्थित थे संचालन रो निधि गौड़ व अंशिका अग्रवाल ने किया।

# थूक मिलाकर जूस पिलाने का आरोप, दो हिरासत में, विधायक के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र के जल निगम पुलिस चौकी अंतर्गत भारत नाम से संचालित एक जूस की दुकान पर व्रतधारियों को जूस में थूक मिलाकर पिलाने का गंभीर आरोप सामने आया है। इस घटना के बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है और मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि, शुरू में व्रतधारियों के विरोध और डायल 112 पर कॉल करने के बावजूद पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के हस्तक्षेप और नाराजगी के बाद ही पुलिस ने केस दर्ज किया है। सिद्धार्थ विहार गौड़ सिद्धार्थम स्थित भारत जूस कॉर्नर पर कुछ व्रतधारियों ने आरोप लगाया कि दुकानदार उन्हें जूस में थूक मिलाकर पिला रहा था। व्रतधारियों का आरोप है कि यह मुस्लिम व्यक्ति भारत नाम से दुकान चला रहा था और उसने अपने दाहिने हाथ में कलावा भी बांध रखा था, जिससे वह खुद को हिंदू बताकर जूस बेच रहा था।

जब व्रतधारियों ने इसका विरोध किया और पुलिस को सूचना दी, तो शुरूआती तौर पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद, व्रतधारियों ने लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर से संपर्क किया। विधायक के हस्तक्षेप और पुलिस पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद ही मुकदमा दर्ज किया गया।

## घरेलू हिंसा का शिकार हुई महिला, पति और देवर पर मारपीट का आरोप

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के गांव ढ़बारसी में एक महिला ने अपने पति और देवर पर घर के खर्चे के लिए पैसे मांगने पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आमना पुत्री सईद अहमद ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब 10 साल पहले कामिल पुत्र आकिल निवासी ढ़बारसी, मसूरी से हुई थी। उसका पति गाड़ी चलाने का काम करता है, लेकिन घर का खर्च नहीं उठाता। 10 जुलाई को जब आमना ने घर के राशन के लिए 1500 मांगे, तो उसके पति ने पैसे देने से इनकार कर दिया और उसके साथ मारपीट करने लगा। आमना ने आरोप लगाया कि उस समय घर पर मौजूद देवर अरबाज ने भी उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया, जिसके बाद आरोपी शांत हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी, लिपी नगायच ने बताया कि शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## 6 अपराधी 6 महीने के लिए जिला बदर, जनता में फैला था इनका खौफ

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने अपराधों में लिप्त 6 अभियुक्तों को गुंडा घोषित करते हुए जनपद की सीमा से 6 महीने के लिए जिला बदर कर दिया है। यह कार्रवाई एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी की कोर्ट में उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम–1970 के तहत सुनवाई के बाद की गई। एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि इन अभियुक्तों का जनता में इतना खौफ था कि कोई भी व्यक्ति इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने या सबूत देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। जिन अभियुक्तों को जिला बदर किया गया है, उनमें राकेश पाल (नूरनगर सिहानी, थाना नंदग्राम), मोहसिन (नंदग्राम), अंकित (वसुंधरा, इंदिरापुरम), कामिल (मुस्तफाबाद, लोनी), मुर्शीद (कमल विहार, अंकुर विहार) और सुधीर कुमार (झुग्गी–झापेड़ी, वैशाली, थाना कौशांबी) शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ विभिन्न थानों में लूट, डकैती, बलवा करने और अवैध हथियार रखने जैसे कई मामले दर्ज हैं।

# गाजियाबाद में आरटीई दाखिलों को लेकर निजी स्कूलों की मनमानी जारी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा दिलाने की प्रक्रिया लगातार बाधित हो रही है। सात महीने बीत जाने के बावजूद भी निजी स्कूलों की मनमानी के चलते हजारों बच्चे दाखिले से वंचित हैं। जिला बेसिक शिक्षा विभाग की कार्रवाई सिर्फ नोटिस तक ही सीमित होकर रह गई है, जिससे स्कूलों की ₹हेकड़ी₹ लगातार बढ़ रही है। इस बार आरटीई के तहत दाखिला प्रक्रिया दिसंबर 2024 से शुरू कर दी गई थी, ताकि बच्चों को समय पर स्कूलों में प्रवेश मिल सके। दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक चार चरणों में कुल 6306 बच्चों का चयन किया गया था। हालांकि, इनमें से अब तक केवल 3854 बच्चों को ही प्रवेश मिल पाया है, जबकि 2452 बच्चे अभी भी दाखिले का इंतजार कर रहे हैं। दाखिले को लेकर अभिभावक पिछले सात महीने से स्कूलों और शिक्षा विभाग के चक्कर काट रहे हैं। बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित माता-पिता विभाग के अधिकारियों के सामने रो-रोकर अपने बच्चों को दाखिला दिलाने की गुहार लगा रहे हैं। 27 जून को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने स्कूलों के साथ बैठक कर 30 जून तक दाखिले करने के निर्देश दिए थे।

# केडीबी पब्लिक स्कूल में सामाजिक विज्ञान शिक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप, के. डी. बी. पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद ने 11 और 12 जुलाई 2025 को माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान विषय के लिए एक दो दिवसीय दक्षता आधारित मूल्यांकन पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गाजियाबाद और आस-पास के 61 विद्यालयों से शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या निवेदिता राणा और उप प्रधानाचार्या नम्रता दूबे द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसने कार्यशाला के सकारात्मक माहौल की नींव रखी। इस कार्यशाला के लिए मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में धीरज सिंह (वाइस प्रिंसिपल, प्रज्ञान पब्लिक स्कूल, जेवर) और श्रीमती रुचि जैन (वरिष्ठ सामाजिक विज्ञान शिक्षिका, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, वसुंधरा, गाजियाबाद) उपस्थित रहे। धीरज सिंह सीबीएसई के एक वरिष्ठ मास्टर ट्रेनर हैं और 80 से अधिक कार्यशालाओं का संचालन कर चुके हैं, जबकि श्रीमती रुचि जैन ने अक और सामाजिक विज्ञान पर आधारित पुस्तकें दिक्षा पोर्टल के लिए विकसित की हैं। दोनों विशेषज्ञों ने अपने गहन अनुभव और ज्ञान से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, छात्र-केंद्रित रणनीतियों और दक्षता आधारित मूल्यांकन की ओर मार्गदर्शन प्रदान करना था। मुख्य सत्रों में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया, जिनमें छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना, प्रदर्शन आधारित मूल्यांकन तैयार करना, अनुभवात्मक, सहयोगात्मक और जिज्ञासा-आधारित शिक्षण को एकीकृत करना, और कक्षा शिक्षण को शिक्षण उद्देश्यों और दक्षताओं से संरेखित करना शामिल थे।

## गाजियाबाद में 'ग्रीनाथॉन' मैराथन: एक कदम हरित भविष्य की ओर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण विश्व प्रकृति दिवस से एक दिन पूर्व, 27 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल करने जा रहा है।

**Change of Name**

मैं, Anil Gupta पुत्र Shri Dwarka Prasad Gupta ने अपना नाम Anil Gupta से बदलकर Anil Kumar Gupta कर लिया है। अबसे मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए Anil Kumar Gupta के नाम से जाना जाएगा। R4/ 132 Rajnagar Ghaziabad